शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 192 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 07 अगस्त 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईडी की कार्रवाई: सिपाही भर्ती, आरओ परीक्षा का पेपर लीक कराने वालों की संपत्ति हुई जब्त, बैंक खाते हुए सील

**लखनऊ**

सिपाही भर्ती परीक्षा और आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्य आरोपियों राजीव नयन मिश्रा और सुभाष प्रकाश की 1.02 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को जब्त कर लिया। ईडी, लखनऊ जोनल कार्यालय ने राजीव नयन द्वारा भोपाल (मध्य प्रदेश) में एक घर को खरीदने के बदले दिए गए 39.36 लाख रुपये अग्रिम की धनराशि, ग्रेटर नोएडा में 30 लाख रुपये कीमत का फ्लैट, दादरी में 10.50 लाख रुपये का आवासीय भूखंड जब्त किया है। इसके अलावा दोनों के बैंक खाते में जमा 7.06 लाख और 15.34 लाख रुपये कीमत की 2 कारें भी शामिल हैं। बता दें कि ईडी ने दोनों परीक्षाओं का पेपर लीक होने के बाद यूपी पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमों के आधार पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि राजीव नयन मिश्रा, सुभाष प्रकाश और रवि अत्री ने अपने सहयोगियों की मदद से दोनों भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक किए। उन्होंने निर्धारित तिथि से पहले परीक्षा के इच्छुक उम्मीदवारों को लीक हुए प्रश्न पत्र उपलब्ध कराकर अपराध से आय अर्जित की। अभ्यर्थियों को हरियाणा के मानेसर और मध्य प्रदेश के रीवा और भोपाल के रिसॉर्ट्स में इकट्ठा किया गया और उनको पेपर पढ़वाया गया। परीक्षा की अधिसूचना जारी होने के बाद आरोपियों के बैंक खातों में महत्वपूर्ण क्रेडिट और नकद जमा देखे गए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार: कृष्णम

**सैदनगली (अमरोहा)**

बांग्लादेश में हुए तख्तापलट और अराजकता को लेकर कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह खतरा दुनिया और भारत पर मंडरा रहा है। जो इंसानियत के लिए सबसे बड़ा दुश्मन है। कहा कि भारत पर जो खतरा मंडरा रहा है, वह विचारधारा का है। भारत की सरकार को बांग्लादेश और पाकिस्तान की गतिविधियों पर नजर रखनी पड़ेगी।

# बांग्लादेश के हालात पर भारत की नजर: जयशंकर

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले हुए, यह चिंता की बात: जयशंकर

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को राज्यसभा में बांग्लादेश के हालात पर बयान दिया। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में घटनाक्रम बदल रहा है। भारत अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजर रखे हुए है और ढाका में अधिकारियों के साथ भी नियमित संपर्क में हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना कुछ समय के लिए भारत में हैं। राज्यसभा में विदेश मंत्री ने एक विशेष बयान में बताया कि सरकार राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में हैं। वहां अनुमानित रूप से 19 हजार भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 9 हजार छात्र हैं। उच्चायोग की सलाह पर अधिकांश छात्र जुलाई महीने में ही भारत लौट आए हैं। राजनयिक उपस्थिति के संदर्भ में विदेश मंत्री ने बताया कि ढाका में उच्चायोग के अलावा हमारे पास चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में सहायक उच्चायोग हैं। हमारी अपेक्षा है कि मेजबान सरकार इन प्रतिष्ठानों के लिए आवश्यक सुरक्षा संरक्षण प्रदान करेगी। स्थिति स्थिर होने पर हम उनके सामान्य कामकाज की आशा करते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हाल की हिंसा और अस्थिरता के बारे में चिंता सभी राजनीतिक दलों में साझा की गई है। जनवरी 2024 में चुनाव के बाद से बांग्लादेश की राजनीति में काफी तनाव, गहरा विभाजन और बढ़ता ध्रुवीकरण हुआ है। इस अंतर्निहित नींव ने इस वर्ष जून में शुरू हुए छात्र आंदोलन को उग्र कर दिया। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद आंदोलन में कोई कमी नहीं आई। उसके बाद लिए गए विभिन्न निर्णयों और कार्रवाइयों ने स्थिति को और खराब कर दिया। इस स्तर पर आंदोलन एक सूत्री एजेंडे पर केंद्रित था प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना चाहिए।

जयशंकर ने बताया कि 4 अगस्त को घटनाओं ने बहुत गंभीर मोड़ ले लिया। पुलिस स्टेशनों और सरकारी प्रतिष्ठानों सहित पुलिस पर हमले तेज हो गए, जबकि हिंसा का समग्र स्तर बहुत बढ़ गया। पूरे देश में शासन से जुड़े व्यक्तियों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। विशेष रूप से चिंता की बात यह थी कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमले हुए। इसकी पूरी सीमा अभी भी स्पष्ट नहीं है। प्रधानमंत्री शेख हसीना पर विदेश मंत्री ने कहा कि सुरक्षा प्रतिष्ठान के नेताओं के साथ बैठक के बाद उन्होंने स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का निर्णय लिया।

बहुत ही कम समय में उन्होंने कुछ समय के लिए भारत आने की मंजूरी का अनुरोध किया। हमें उसी समय बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान की मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ।



### 'भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है'

**सूत्रों** के अनुसार विदेशमंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों से लेकर वहां बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति में भारत की रणनीति पर चर्चा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश के हिंसक घटनाक्रमों के रणनीतिक पहलुओं से जुड़ा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार को इस तरह के उथल-पुथल का कुछ पुवार्नुमान था और क्या इसके पीछे ढाका से बाहर की ताकतों विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है। अभी पाकिस्तान के एक राजनयिक के मोबाइल में बदले हुए डीपी के बारे में जानकारी है जो विद्रोह को समर्थन देने के उनकी रुझान को दर्शाता है।

### राहुल ने पूछा- क्या बांग्लादेशी हिंसा में विदेशी हाथ है

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने संसद में सर्वदलीय बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं को बांग्लादेश के मुद्दे पर जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में सर्वदलीय बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं को बांग्लादेश के मुद्दे पर जानकारी दी। केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 अगस्त) को संसद भवन में सर्वदलीय बैठक की। विदेश मंत्री एय जयशंकर ने सभी पार्टी के नेताओं को पड़ोसी देश में मौजूदा हालात की जानकारी दी।



सूत्रों के अनुसार, बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र से पूछा कि क्या बांग्लादेश हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों, खासकर पाकिस्तान का हाथ हो सकता है सरकार ने कहा कि पाकिस्तान के एक डिप्लोमेट सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल फोटो पर लगातार बांग्लादेश में हिंसा की तस्वीरें लगा रहे थे।

### भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में



### विपक्षी नेताओं ने सरकार को पूरा समर्थन देने का दिया भरोसा

**सर्वदलीय** बैठक में विपक्षी नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे पर राजनीतिक लाइन से इतर सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया और कहा कि राष्ट्रीय हित के मामले में हम सब एक साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंधोपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के हर निर्णय के साथ है मगर उनका आग्रह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बांग्लादेश से जुड़े मामले की जानकारी देकर उनको भरोसे में लिया जाए। सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश घटनाक्रम पर राजनीतिक दलों के मिले समर्थन को विदेशमंत्री ने पहले एक्स पर पोस्ट और फिर संसद में दिए बयान में खुले रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की वे सराहना करते हैं।

**आप को सरकार ने इस बैठक में नहीं किया आमंत्रित**

बैठक में सरकार की ओर से गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आदि मौजूद थे तो विपक्ष की ओर से राहुल गांधी के अलावा द्रमुक के टीआर बालू, जनतादल यूनाइटेड के राजीव रंजन सिंह ललन, सपा के राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन, राजद की मीसा भारती, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, बीजू जनतादल के सस्मित पात्रा, एनसीपी पवार गुट की सुप्रिया सुले, तेलुगुदेशम के राममोहन नायडू आदि मौजूद थे। आम आदमी पार्टी को सरकार ने इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया था।

## 'नदी तटों पर प्लास्टिक डंपिंग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान'; कोर्ट ने अधिकारियों को दी नसीहत

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने नदी के तटों पर प्लास्टिक डंपिग पर गंभीर चिंता जाहिर की है। शीर्ष कोर्ट ने इसे लेकर मंगलवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। साथ ही देश में नदी तटों और जल में रहने वाले जीव-जंतुओं पर भी असर पड़ रहा है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों के सहयोग से सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है।

पीठ ने कहा कि प्लास्टिक की डंपिंग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है और देश में नदी तटों और जल निकायों में जलीय जीवन पर भी असर पड़ रहा है। जब तक लोगों के सहयोग से जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठोस प्रयास नहीं किया जाता है, तब तक अवैध/अनधिकृत निमार्णों को निशाना बनाने के प्रयासों के बावजूद देश में गंगा नदी/अन्य सभी नदियों और जल निकायों में पानी की गुणवत्ता में वांछित सुधार भ्रामक रहेगा। गंभीर टिप्पणी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।



इसके साथ ही पीठ ने अपने पहले के आदेश को भी साफ किया। उस आदेश में पीठ ने बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि गंगा नदी के किनारे, खासकर पटना शहर और उसके आसपास कोई अवैध निर्माण या अनधिकृत अतिक्रमण न हो।

## बीएसएफ महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर आईसीपी पेट्रापोल का किया दौरा

**उत्तर 24 परगना**

पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में जारी उथल-पुथल के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात आईसीपी पेट्रापोल और 68वीं बटालियन के अत्यधिक संवेदनशील सीमा चौकी राणाघाट का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने तैयारियों को जायजा लिया। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबित मंगलवार को बीएसएफ के महानिदेशक, आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी ने पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक, आईपीएस रवि गांधी और महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर आईपीएस मनिंदर प्रताप सिंह दौरा किया। दौरे का मकसद बांग्लादेश में हाल ही में हुई घटनाओं के मद्देनजर इन प्रमुख स्थानों पर बीएसएफ की सामरिक और परिचालन तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का आकलन करना था। अधिकारी के मुताबिक आईसीपी पेट्रापोल पहुंचने पर महानिदेशक ने एडीजी पूर्वी कमान के साथ पैसेंजर टर्मिनल और कार्गो टर्मिनल का दौरा किया। जवानों के समक्ष आने वाली जटिल परिचालन चुनौतियों की समीक्षा की। इस दौरान 145वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडिंग ऑफिसर ने महानिदेशक को बटालियन की परिचालन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। इसके बाद नए आईसीपी भवन का भी दौरा किया। इसके बाद बीएसएफ के महानिदेशक, चौधरी ने 68वीं बटालियन की राणाघाट सीमा चौकी का दौरा किया।



## सुप्रीम कोर्ट में सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि वह उन दस्तावेजों की प्रतियां मांग रहे हैं, जिन पर अभियोजन पक्ष ने भरोसा नहीं किया है। वे आरोप तय करने के लिए प्रासंगिक नहीं हैं। इसकी वजह से इसमें देरी हो रही है।

जस्टिस विश्वनाथ ने राजू से पूछा कि क्या आपने उन दस्तावेजों को देने के लिए दिए गए आदेश को चुनौती दी है। कोर्ट ने पूछा कि दस्तावेजों के निरीक्षण का समय क्या है। तब राजू ने कहा कि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निरीक्षण किया जा सकता है। हमने उन आदेशों को भी चुनौती दी है, जो हाई कोर्ट में लंबित हैं। कुछ दस्तावेजों में रिहाई पर रोक भी लगी है। इसलिए देरी पूरी तरह से याचिकाकर्ता के कारण हुई है। इसलिए उनके कारण हुई देरी का लाभ लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा 493 गवाह हैं, बयान कब तक दर्ज हो सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि आरोप कब तय होंगे। तब राजू ने कहा कि जब याचिकाकर्ता द्वारा दस्तावेजों का निरीक्षण पूरा हो गया है तो आरोप तय किए जाएंगे। जस्टिस गवई ने पूछा कि आपने स्वयं कहा था कि निरीक्षण की आवश्यकता नहीं है। सुनवाई के दौरान सिसोदिया के लिए पेश सिंघवी ने कहा कि इस मामले में तीन साल न्यूनतम और सात साल अधिकतम है।

## केंद्रीय मंत्री भूस्खलन में मरने वालों को कर रहे हैं अपमानित: विजयन

**वायनाड**

**वायनाड** भूस्खलन पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के बयान की केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने निंदा की है और उन्होंने सभी आरोपों को झूठा बताया हैं। सीएम विजयन ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री पर भूस्खलन में मरने वालों को अपमानित करने का भी आरोप लगाया है।

पर्यावरण मंत्री ने क्या दिया था बयान

दरअसल केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने एक दिन पहले कहा था कि केरल सरकार ने राज्य के पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र में अवैध मानव आवास विस्तार और खनन की अनुमति दी, जिसके कारण वायनाड जिले में विनाशकारी भूस्खलन हुआ। उन्होंने मानव आवास की अनुमति देते हुए मिट्टी की स्थलाकृति, चट्टान की स्थिति, भू-आकृति विज्ञान, पर्वत ढलान और वनस्पति संरचना जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारकों की उपेक्षा करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की थी।



**केरल के उद्योग मंत्री ने किया पलटवार**

वहीं इस पर केरल के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वैज्ञानिकों से केरल विरोधी लेख मंगवाकर वायनाड में हुए भूस्खलन के लिए राज्य की नीतियों को दोषी ठहराने की साजिश रची है। मंत्री ने आरोप लगाया कि जब किसी ने साजिश का पालन नहीं किया, जिसका खुलासा कुछ समाचार रिपोर्टों से हुआ, तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव खुद झूठे बयानों के साथ आगे आए।

## अमरनाथ यात्रा की सीसीटीवी से निगरानी: गृह राज्य मंत्री

**नई दिल्ली**

**गृह** राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में बताया कि गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 2021 से जून 2024 के बीच पिछले तीन सालों में 181 **CRPF** कर्मियों ने आत्महत्या की। CRPF कर्मियों ने आत्महत्याओं की रोकथाम और कर्मियों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से 29 जुलाई 2024 के बीच तीर्थयात्रियों पर 2 आतंकवादी हमले हुए। इनमें 14 तीर्थयात्री हताहत हुए। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए श्री अमरनाथ यात्रा मार्गों, शिविरों, लंगर बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी रखी गई है। यात्रा रूट की सुरक्षा सेना को दी जाती है।

## स्कूली किताबों से संविधान की प्रस्तावना नहीं हटाई: एनसीईआरटी

### मौलिक कर्तव्य, अधिकार और राष्ट्रगान भी शामिल; शिक्षा मंत्री प्रधान बोले- कांग्रेस ने झूठ फैलाया

**नई दिल्ली**

एनसीईआरटी की किताबों से संविधान की प्रस्तावना हटाए जाने के आरोपों को संस्थान ने निराधार बताया है। एनसीईआरटी ने कहा कि हम पहली बार भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं जैसे- प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार और राष्ट्रगान को महत्व दे रहे हैं।

शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पर लिखा- भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बकवास बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए। शिक्षा जैसे विषय को भी झूठ की राजनीति के लिए इस्तेमाल करना और इसके लिए बच्चों का सहारा लेना कांग्रेस पार्टी की घृणित मानसिकता को दिखाता है।



बीते दिनों कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इस साल एनसीईआरटी द्वारा जारी की गई कक्षा 3 और कक्षा 6 की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है। एनसीईआरटी ने पर इस आरोप को गलत बताया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 17 जून को कहा था कि एनसीईआरटी, संघ के अंग की तरह काम कर रही है और देश के संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने एनसीईआरटी की किताबों में इस साल हुए बदलावों पर बात करते हुए ये आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था एनसीईआरटी का काम किताबें बनाना है, न कि राजनीतिक प्रोपोगेंडा बनाना।

**एनसीईआरटी ने इस साल 12वीं के सिंधु घाटी की सभ्यता के चैप्टर में बदलाव किए**

एनसीईआरटी ने इसी साल 12वीं क्लास की हिस्ट्री की किताब के कंटेंट में बदलाव किया है। सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और अंत से जुड़े चैप्टर्स के फैक्ट्स अपडेट किए गए हैं। एनसीईआरटी के मुताबिक लेटेस्ट रिसर्च और स्टडीज के मुताबिक ही ये बदलाव किए गए हैं। 12वीं क्लास की थीम्स इन इंडिया हिस्ट्री- पार्ट 1 के चैप्टर 1 में ईंटें, मोती और हड्डियां (ब्रिक्स, बीड्स एंड बोन्स) में सबसे ज्यादा अपडेशन किया है। एनसीईआरटी ने कहा है कि हाल ही में पुरातात्विक साइट्स पर मिले डीएनए और अवशेष के आधार पर ये बदलाव किए गए हैं। एनसीईआरटी से जुड़े अधिकारियों ने कहा है कि नई खोज के बाद किताबों में सुधार करना जरूरी है।

# पलटे ट्रक से दो करोड़ कीमत का साढ़े सात कुंटल गांजा बरामद

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोरांव पुलिस ने लूसनपुर पुलिया के पास पलटे ट्रक से साढ़े सात कुंटल गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजे को कब्जे में लेकर ट्रक चालक को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। पुलिस ने बरामद गांजे की कीमत लगभग दो करोड़ बताई है। ट्रक के अंदर से बिहार राज्य का अतिरिक्त नम्बर प्लेट भी बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व कलकत्ता दिल्ली हाइवे पर देर रात एक ट्रक उस समय पलट गई जब ड्राइवर को झपकी आ गई। ट्रक हाइवे से लुढ़ककर लूसनपुर सर्विस रोड पर आ गई। अगली सुबह आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो चालक ने ट्रक में खाली बोरे लदे होने की बात लोगों को बताई। चालक ने इस बाबत अपने मालिक को फोन कर जानकारी भी दी। इस दौरान पता चला कि बोरों के बीच मे मादक पदार्थ लदा हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को खाली कराया। पुलिस को बोरों के बीच से 30 बोरी गांजा मिला। पुलिस ने बताया कि ट्रक के अंदर से 762 किलो गांजा बरामद हुआ। गांजे की कीमत लगभग 2 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर मौजूद ट्रक चालक बलकार सिंह पुत्र गुरुबचन सिंह निवासी समाना मंडी थाना समाना पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उक्त चालक गिरोह के साथ उड़ीसा से मादक पदार्थ तस्करी कर मथुरा समेत आस पास के जिलों में सप्लाई करते हैं। पुलिस को ट्रक के अंदर से बिहार राज्य का एक नम्बर प्लेट भी मिला, जिसका उपयोग यह चेकिंग के दौरान करते थे। पुलिस ने मंगलवार को प्राइवेट वाहन से गांजा पुलिस लाइन भिजवाया था जो किसी कारण मालखाने में न जमा हो पाया और पुलिस वापस उसे सोरांव लेकर आ गई। गांजा पकड़ने वाली टीम में इंस्पेक्टर सोरांव बृजेश तिवारी की टीम शामिल रही।




## बेली अस्पताल में कुत्तों की भीड़ देख मरीज सहमे

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में ही नहीं, बल्कि बेली अस्पताल में भी कुत्तों का डेरा जमा रहता है। सोमवार को यूजर चार्ज जमा करने की खिड़की के पास सात कुत्तों ने एक साथ डेरा जमा लिया। कुत्तों की कतार देखकर मरीज सहम गए। अस्पताल में मलेरिया विभाग के पास बरामदे में और पीकू वार्ड के पास भी दो-दो कुत्ते बैठे थे। तीमारदार सुनीता ने बताया कि ओपीडी खत्म होने के बाद कुत्ते बरामदे में आकर बैठ जाते हैं।

## हेपेटाइटिस से बचाव के बारे में जानकारी दी

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग में हेपेटाइटिस विषय पर सोमवार को व्याख्यान हुआ। मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की डॉ. रवि रानी मिश्रा ने हेपेटाइटिस रोग से संबंधित कारक, बचाव, टीका और उपचार आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. विनीता जयसवाल, डॉ. चारु त्रिपाठी मौजूद रहीं।

## दवा लेने निकली किशोरी लापता

**प्रयागराज।** घर से दवा लेने के लिए निकली किशोरी लापता हो गई। मां ने धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। धूमनगंज थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि एक अगस्त को उसके पति घर पर नहीं थे। ऐसे में उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से दवा लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वापस नहीं आई। काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

# पंकज पाण्डेय बनें अध्यक्ष , विजय यादव को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

### इफको इम्पलाइज यूनियन के नव निर्वाचित प्रत्याशियों को इकाई प्रमुख ने दी बधाई



**फूलपुर।** इफको इम्पलाइज यूनियन के चुनाव में मंगलवार शाम हुई मतगणना के पश्चात चुनाव अधिकारी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर पंकज पाण्डेय ने 107 मत प्राप्त कर संतोष कुमार को 23 मतों से पराजित किया। वहीं संतोष कुमार को 84 मतों से ही संतोष करना पड़ा। मनोज कुमार तिवारी 22 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महामंत्री पद पर विजय कुमार यादव ने 92 मत प्राप्त कर दो बार महामंत्री रह चुके विनय कुमार यादव को दो मतों से पराजित किया जिससे विनय कुमार यादव हैट्रिक लगाने से चूक गए। उन्हें 90 मतदाताओं का समर्थन मिला। मनोज कुमार श्रीवास्तव को 28 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर धर्म सिंह पटेल 1 वोट से विजयी हुए। प्रभात कुमार को 86 तथा सुरेश कुमार सिंह यादव 39 को मिले। संयुक्त मंत्री (संगठन) पर सालिक राम पटेल व संताज अली को समान मत मिलने पर सालिक राम पटेल को लाटरी के माध्यम से विजयी घोषित किया गया। दोनों उम्मीदवारों को 61 मत प्राप्त हुए थे। विनोद कुमार यादव को 60 एवं वीरम यादव को 30 मत मिले। संयुक्त मंत्री (प्रचार) पर अभयराज यादव 3 मतों से विजयी हुए। अभयराज यादव को 91, रजनीश राव को 88 तथा राहुल कुमार को 34 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर गौरव श्रीवास्तव ने 3 वोटों से जीत दर्ज की। गौरव श्रीवास्तव को 80, अतुल तिवारी 77 तथा दिनेश कुमार मौर्य को 55 मत मिले। सहायक मंत्री पद पर अभिषेक पटेल 77 मत तथा राम चन्द्र गौतम 85 मत पाकर निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य पद पर मनोज पटेल को 77 तथा विनोद कनौजिया 77 मत प्राप्त कर विजयी हुए। सुनील कुमार पाल को 60, सुनील वैश्य को 53, मु0 आरिफ अंसारी को 57 तथा पंकज सिंह 40 मत मिले। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश ने जीते हुए सभी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चुनाव अधिकारी पी.के.पटेल ने चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर सभी कर्मचारियों की सराहना की।

# एक सौ एक लीटर गंगाजल से भरे कांवड़ ले जा रहे कांवड़िए को मेजा पुलिस की मिली सहानुभूति



**मेजा।** प्रयागराज से मिर्जापुर के जिगना स्थित भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए 101 लीटर गंगाजल से भरे कांवर को ले जा रहे शिवभक्त को मेजा पुलिस ने शासन की मंशानुरूप राहत पहुंचाई है। शिवभक्त को पुलिस ने जलपान कराया और कुछ देर विश्राम के लिए कुर्सी मंगवाकर बैठाया चाय पानी पिलाई। फिर कुछ देर बाद शिवभक्त आगे के लिए रवाना हो गए। बता दें कि मांडा के बामपुर निवासी शिवभक्त रवि पाण्डेय रविवार 4 जुलाई को प्रयागराज के दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट से जल भरकर मिर्जापुर के जिगना स्थित भोलेनाथ मंदिर बाबा बदेवरा नाथ में जलाभिषेक के लिए निकले हैं। उनकी बड़ी कांवर 101 लीटर गंगाजल से भरी हुई है। वह इतनी बड़ी कांवर लेकर कुछ-कुछ दूरी पर विश्राम करते हुए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह जैसे ही वह शिवभक्त मेजारोड पुलिस चौकी के समीप पहुंचे और अपनी कांवर रख दिए। वहीं पास में रहे सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने शिवभक्त को जलपान कराए जाने व विश्राम के लिए पुलिस टीम को कहा जिस पर हेड कांस्टेबल संजय तिवारी ने शिवभक्त को कुर्सी पर बैठाया और जलपान की व्यवस्था कराई और चाय पानी पिलाया गया। फिर शिवभक्त आगे के लिए रवाना हुआ। कांवर इतनी बड़ी थी कि 100 मीटर के आगे ले जाना मुश्किल था। शिवभक्त रवि पाण्डेय ने बताया कि रविवार 4 जुलाई से वह जल लेकर निकले हैं और 9 जुलाई नागपंचमी की सुबह बाबा बदेवरा नाथ धाम में उन्हें जलाभिषेक करना है। हर 100-150 मीटर वह आगे बढ़ते हैं। फिर विश्राम करते हैं।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ मेजा बीडीसी व उरुवा प्रधान पद का उपचुनाव



पौसिया में बीडीसी के लिए हो रहा मतदान



उरुवा में प्रधान पद के लिए हो रहा मतदान



डेलौंहा में बीडीसी के लिए हो रहा मतदान

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकासखण्ड मेजा के डेलौंहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य व उरुवा विकासखण्ड के उरुवा में प्रधान पद के लिए रिक्त पड़े पदों के लिए हो रहा मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक संपन्न हो गया। दोनों सीटों पर उपचुनाव के लिए 22 जुलाई को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई थी। डेलौंहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य व उरुवा विकासखण्ड के उरुवा में प्रधान पद के लिए रिक्त पड़े पदों के लिए मंगलवार को मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक माहौल में कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय मय फोर्स भ्रमणशील रहे। वहीं मतदान के बाद आठ अगस्त को ब्लॉकों पर मतगणना की जाएगी। विजयी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

# फ्रेंड्स क्लब मेजा द्वारा वॉलीबाल पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

### यू.पी.वॉलीबाल संघ के चुनाव में आरपी शुक्ला टेक्निकल चैयरमैन तथा प्रभात राय संयुक्त सचिव के पद पर हुए निर्वाचित



**मेजा।** मेजारोड चौराहे पर फ्रेंड्स क्लब मेजा के खिलाड़ियों व स्थानीय लोगों द्वारा जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आरपी शुक्ला तथा अध्यक्ष प्रभात कुमार राय का भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया,क्योंकि उपरोक्त दोनो पदाधिकारियों को प्रदेशीय वॉलीबाल संघ के महत्वपूर्ण पदों पर चुना गया है। विदित हो कि गत दिवस रविवार को लखनऊ स्थित के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ का चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें प्रयागराज जिले के आर.पी.शुक्ला को टेक्निकल चेयरमैन तथा प्रभात कुमार राय को सँयुक्त सचिव के पद पर चुना गया है। प्रदेशीय वॉलीबाल संघ में पदाधिकारियों को चुने जाने से खेल जगत में प्रयागराज का सम्मान व गौरव बढ़ा है। उक्त दोनों पदाधिकारियों को प्रयागराज जनपद में वापस लौटने पर जनपद के वॉलीबाल खिलाड़ी व खेल प्रेमियों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया जा रहा है। उसी क्रम में दोपहर मेजारोड चौराहे पहुँचने पर फ्रेंड्स क्लब मेजा के खिलाड़ियों द्वारा तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर स्थानीय प्रमुख लोगों में व्यापार मंडल मेजारोड के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, के.बी.एल.श्रीवास्तव, कुशल कांत मिश्रा, अंकित शुक्ला, प्रभाकर चौबे, मुकेश शुक्ला, गुलजार यादव, असफाक अहमद, कार्तिकेय त्रिपाठी, अंकित विश्वकर्मा, आदिल अंसारी, कमलेश कुमार, चंचल प्रजापति, अनुज मिश्रा, रजत पांडेय, आदर्श मिश्रा, रजनीश कुमार, प्रांजल दुबे आदि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सफल ऑपरेशन कर महिला के पेट से निकल 6 किलो का ट्यूमर

**कोरांव।** कोराव थाना क्षेत्र के लौवा कोन गांव की निवासी जयंती देवी पति राम सेवक के पेट में दर्द बहुत दिनों से रहता था और सूजन था कई दिनों तक गांव में ही इलाज करवाया आराम नहीं मिला । जब तबीयत बहुत बिगड़ने लगी तब उनके घर के गार्जियन सुकृत अस्पताल लेकर आए और डॉक्टर आर के कुशवाहा (सर्जन)को दिखाएं डॉक्टर कुशवाहा के देखरेख में रोगी की जांच पड़ताल हुई तो पता चला कि पेट में ट्यूमर है और ऑपरेशन करना होगा घर के लोग तैयार हो गए और बृहस्पतिवार की शाम को डॉ आर के कुशवाहा के टीम ने बहुत मशक्कत के बाद 6 किलो के ट्यूमर निकाला अब जयंती देवी बिल्कुल स्वस्थ है रोगी की हालत में काफी सुधार है जयंती देवी के घर वाले डॉक्टर साहब का बहुत-बहुत आभार जताया है और खुश हैं डॉक्टर कुशवाहा सफल सर्जन के रूप में विख्यात है इससे भी बड़े-बड़े कारनामे कुशवाहा के नाम दर्ज है।

# कालिन्दी स्मृति श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**करछना।** प्रयागराज जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय की मां कालिंदी के निधन पर मंगलवार को बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों ने उन्हे याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान क्षेत्र के प्रवुद्धजनों, कवियों, कलाकारों, शिक्षाविदों, समाज सेवियों और क्षेत्रीय राजनायिकों ने उनकी सादगी, स्वभाव, अपनी माटी और अपने गांव से लगाव की प्रशंसा करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक पीयूष रंजन निषाद ने कहा कि ऐसी धर्मनिष्ठ मां के चलते आज संपन्न और फूलता -फलता परिवार उन्हीं की त्याग और साधना के साथ-साथ संस्कार का जीता जागता उदाहरण है।पूरे परिजनों पर मां की छाया सदैव विद्यमान रहेगी।कवि डा.राजेंद्र शुक्ल, डा. वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर, महाकवि त्रिफला, पूर्व प्रधानाचार्य सिद्धनाथ झा ने भी काव्य पंक्तियों से श्रद्धासुमन अर्पित किये। लोगों ने कालिदी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे याद किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीके सिंह,पूर्व विधायक आनंद कुमार पांडेय, कमलेश द्विवेदी, जिला बार के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर, शिवदत्त पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, संकठा द्विवेदी, बृजेश तिवारी, इंद्रनाथ मिश्र, मुन्नन शुक्ला, राजेश चंद्र तिवारी, डा.चंद्रदेव मिश्र, चिंतामणि शुक्ला, हंसराज सिंह, रंगराज सिंह, गुड्डू मिश्रा, मनीष तिवारी, सूर्यकांत त्रिपाठी,आचार्य चंद्रिका शुक्ल,शशिकर द्विवेदी, राकेश मिश्रा, शेषधर मिश्रा, अशोक सिंह, सुनील प्रजापति सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में एक लाख और बाइक की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम परमानंदपुर निवासनीय फूल कुमारी का आरोप है कि उसकी शादी ग्राम बादल पुर कहली में 26 जून 2020को नरेंद्र कुमार पुत्र राम प्रताप के साथ हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से उससे दहेज में एक बाइक एक लाख रुपए की मांग की जा रही थी।फूल कुमारी का आरोप है कि उससे जमीन भी मांगी जा रही थी।मांग न पूरी होने पर ससुरालियों द्वारा उसे मारा पीटा गया।।फूल कुमारी का आरोप है कि पति उसे दिल्ली लेकर चला गया जहां वह एक अगस्त 2022को मार पीट कर मयके भगा दिया। आरोप है कि 14 मई 2024को उसके ससुरालियों ने उसके जीजा और बहन को मारे पीटे।फूल कुमारी ने पुलिस आयुक्त के यहां न्याय की गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने फूल कुमारी के पति नरेंद्र कुमार,देवर अखिलेश कुमार, जेठानी का लडका शिवम,ससुर राम प्रताप,ननद सुधा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## दंपत्ति को मारा पीटा गया तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के मोहन का पूरा घीन पुर में पुरानी रंजिश को लेकर दम्पत्ति को मारा पीटा गया पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के ग्राम मोहन का पूरा घीनपुर निवासी अशोक कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय जयराम पटेल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसको उसकी पत्नी सुशीला देवी,पुत्री अंजू पटेल तथा भतीजे देवेन्द्र कुमार को मारा पीटा गया। अशोक कुमार पटेल ने मऊआइमा थाने में विपिन पटेल, नितिन पटेल, सुरेंद्र कुमार के खिलाफ संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जीवन के प्रत्येक क्षेत्र का होता है एक समापन समय : डा प्रमोद मिश्रा

### जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में आयोजित हुई दो दिवसीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता




**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कई जिलों की टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें जौनपुर सोनभद्र, अमेठी, अंबेडकर नगर, मिर्जापुर, वाराणसी चंदौली जौनपुर आदि जिलों की टीम थी। निर्णायक मंडल के रूप में प्रयागराज से अरविंद गुप्ता और आलोक यादव ने सक्रिय योगदान किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। विभिन्न जिलों से आए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में चुने गए छात्र छात्राओं में लकी,अंकित मौर्य, आद्या पटेल नितिन ज्योति वासन, आशीष कुमार राणा ,खुशी कुमारी, कोमल कुमारी, प्रांजल कुमार ,रविकांत यादव ,आयुशी सिंह रहे। कुल 100 से अधिक मैच खेले गए।प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समापन सत्र में बोलते हुए डॉक्टर प्रमोद मिश्रा ने कहा की जीवन के हर क्षेत्र का एक समापन समय होता है और खेलकूद इससे अछूता नहीं। महत्वपूर्ण यह है कि हम हर कार्य को एक जोश और ऊर्जा के साथ अच्छी दिशा में करें। बाहर से आए सभी अनुरक्षकों ने कार्यक्रम की व्यवस्था और कार्यक्रम के संचालक पर बहुत प्रसन्नता व्यक्ति की। डॉ अरविंद चौधरी के अनुसार प्रत्येक छात्र को अपना एक खेलकूद का क्षेत्र चुन करके उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए ।इससे स्वास्थ्य अच्छा होता है और पढ़ाई में भी मन लगता है। श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्रों के अनुशासन की प्रशंसा की। जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास के अनुभवी अध्यापकों की टीम पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी रही। इनमें अभिषेक श्रीवास्तव अरविंद जायसवाल अरविंद तिवारी ज्योति विश्वकर्मा रजनीश परिहार श्रीमती कामिनी सिन्हा, नितिन विश्वकर्मा अमित तिवारी अनूप त्रिपाठी अजय तिवारी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।अभिषेक सिंह और समता रत्न का मार्गदर्शन उत्तम रहा। खेलकूद के समापन सत्र में बोलते हुए डॉक्टर डीके त्रिपाठी ने कहा ,वही समाज अच्छा है जो एकजुटता के साथ किसी कार्यक्रम को संपन्न करने में लग जाता है और इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय प्रयागराज का नाम अग्रगण्य है। विद्यार्थियों कर्मचारियों और अध्यापकों के सराहनीय प्रयासों से ही कार्यक्रम अच्छा और सराहनीय बन पाया है।

## पुलिस ने खोज निकाली रसूख के दम पर हथियाई गई माफिया ब्रदर्स अतीक-अशरफ की एक और संपत्ति

**प्रयागराज।** अतीक अशरफ की हत्या को 15 महीने बीत चुके हैं, लेकिन उनके कारनामे अब भी सामने आ रहे हैं। पुलिस ने माफिया भाइयों की 50 करोड़ मूल्य की एक और संपत्ति खोज निकाली है। कसारी मसारी में स्थित 15550 वर्ग मीटर की यह जमीन सीलिंग की थी। डीसीपी नगर दीपक भूकर के नेतृत्व में एक टीम माफिया की अपराध से अर्जित संपत्तियों पर कार्रवाई में जुटी है। इसी क्रम में कसारी मसारी में बेशकीमती भूमि के संबंध में जानकारी मिली। जमीन से जुड़े दस्तावेज खंगाले गए तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पता चला कि 15550 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली यह भूमि अतीक-अशरफ के नाम पर दर्ज है। अहम बात यह है कि उक्त जमीन पूर्व में सीलिंग की थी, जो 2002 में माफिया भाइयों के नाम पर कर दी गई। बता दें कि 2002 में अतीक इलाहाबाद पश्चिमी विधानसभा सीट से विधायक था।पुलिस टीम ने जब उपरोक्त भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया तो पता चला कि माफिया व उसके परिजनों ने इस जमीन पर अपने घरेलू कर्मचारियों व जानने वालों को बसा दिया था। यहां गोविंदी मिली जिसके पति हीरालाल अतीक के खेत में ट्रैक्टर चलाते थे। 1990 में एक्सीडेंट में मौत के बाद उसकी पत्नी व बेटा राजकुमार यहां रहकर गाय-भैंस पालकर डेरी का व्यवसाय करते हैं। एक व्यक्ति पंक्चर की दुकान चलाता मिला। पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि अशरफ ने खड़े होकर इस जमीन की बाउंड्री कराई थी। राजस्व अभिलेखों में यह भूमि अतीक - अशरफ के नाम पर दर्ज है। इस संबंध में राजस्व विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। संपत्ति अपराध से अर्जित होने संबंधी साक्ष्य मिलते हैं तो इसे गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जाएगा।

**-दीपक भूकर, डीसीपी नगर**

# महाकुंभ की भव्यता को बढ़ाने के लिए, सौंदर्यीकरण कार्यों का मंडलायुक्त व अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की भव्यता को बढ़ाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं के अक्षयवट, पातालपुरी, सरस्वती कूप तथा लेटे हुए हनुमान मंदिर के दर्शन के अनुभव को और सुगम बनाने के दृष्टिगत इन सभी स्थलों पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण आज मेला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

सर्वप्रथम सेना के अधिकारियों की देख रेख में तथा स्मार्ट सिटी से वित्तपोषित अक्षयवट, पातालपुरी एवं सरस्वती कूप कॉरिडोर का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों ने वहां पर कराये जा रहे लैंडस्कैपिंग एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का अवलोकन किया। तत पश्चात अक्षय वट के आगे जोधाबाई द्वार के पास के स्थान को जोधा वाटिका के रूप में विकसित करने हेतु कराए जा रहे कार्यों को भी देखा। उक्त स्थान पर कृष्ण जी की एक भव्य प्रतिमा लगाते हुए लैंडस्केपिंग एवं ग्रीनरी विकसित करने का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में पातालपुरी मंदिर के ऊपर एवं अन्दर के हिस्से तथा सरस्वती कूप के सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। सभी कार्य पूर्ण होने के पश्चात इन्हें श्रद्धालुओं के लिए कुंभ से पहले ही खोलने की योजना है। सभी अधिकारियों ने हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने के दृष्टिगत प्रस्तावित कार्यों के लेआउट को भी देखा तथा मंदिर प्रांगण जाकर वहां पर सकुर्लेटिंग एरिया बढ़ाने एवं सौंदर्यीकरण करने हेतु प्रस्तावित कार्यों को विस्तार पूर्वक समझा। आने वाली भीड़ के बेहतर प्रबन्धन हेतु प्रवेश एवं निकासी मार्गों पर किन किन तरह की सुविधाएं उपलब्ध करानी है उस पर भी मंथन किया।निरीक्षण में एडीजी जोन भानु भास्कर, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, मेला अधिकारी, विजन किरण आनंद समेत में अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जौनपुर के डीएम के खिलाफ हाईकोर्ट से वारंट जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के डीएम के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। उन्हें 8 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है। दरअसल कोर्ट ने याचियों के 6 महीने से रुके वेतन भुगतान पर डीएम को निर्णय लेने का आदेश दिया था। आदेश की जानकारी होने के बावजूद उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। न ही वह पेश हुए।इसके बाद आज उनके खिलाफ ये आदेश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने जफराबाद विद्युत उपकेंद्र के निविदा कर्मियों शिवाकांत पांडेय व 7 अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने सीजेएम जौनपुर से आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट भी मांगी है। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आदेश की सूचना जिलाधिकारी को पत्र व फैक्स के जरिए दी गई लेकिन कोई जवाब नहीं आया।न जवाब दिया न हाजिर हुए इससे पहले कोर्ट ने याचियों के 6 महीने से रुके वेतन भुगतान पर जिलाधिकारी को निर्णय लेने का आदेश देते हुए हाजिर होने का आदेश दिया था। जिसकी जानकारी के बावजूद उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया और न ही वे हाजिर हुए। जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

याची अधिवक्ता का कहना था कि याचियों ने धरना प्रदर्शन किया था। उसी समय वेतन रोक दिया गया था।जबकि वे धरने के दौरान भी ड्यूटी पर थे। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने उनके हस्ताक्षर लिए थे। इसके बावजूद वेतन नहीं दिया जा रहा है। वे भुखमरी के कगार पर है। विद्युत उपकेंद्र जफराबाद में कुल 12 कर्मी कार्यरत हैं। याचिका की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी।

# कृपालु महिला महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क यूनिफॉर्म का किया गया वितरण




**अखंड भारत संदेश**

**महाविद्यालय की वर्तमान सत्र 2024-25 में बी.ए. फर्स्ट सेमेस्टर बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर की 200 छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य ने वितरित किया यूनिफार्म**

**कुंडा।** कृपालु धाम में मंगलवार को कृपालु महिला महाविद्यालय की वर्तमान सत्र 2024-25 में बी.ए. फर्स्ट सेमेस्टर बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर की 200 छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार नागर ने निःशुल्क यूनिफॉर्म प्रदान किया। उक्त अवसर पर सम्मानित प्रबंधतंत्र समेत डॉ० रेखा सिंह , डॉ० रेखा शुक्ला तथा डॉ० निभा रानी उपस्थित रही।

# उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर निःशुल्क प्याज के बीज का किया जायेगा वितरण

**किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए उद्यान विभाग में कराना होगा पंजीयन, जमा करने होंगे आवश्यक प्रपत्र**

**प्याज उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय-जिला उद्यान अधिकारी**

**प्रयागराज।** किसानो की आय में बढ़ोतरी के लिए खरीफ के सीजन में उनको उद्यान विभाग द्वारा मुफ्त में प्याज का बीज वितरित किया जाएगा, जिससे परंपरागत खेती से इतर वह प्याज का उत्पादन कर अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकें। इसके लिए किसानों को विभाग में आवेदन करना होगा। खरीफ के सीजन में जनपद में किसानों द्वारा ज्यादातर विभिन्न प्रकार की परंपरागत खेती की जाती है। ऐसे में किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए किसानों को प्याज समेत अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस बार शासन द्वारा उद्यान विभाग को 560 हेक्टेयर प्याज उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। इसमें चयनित होने वाले किसानों को मुफ्त में प्याज का बीज वितरित करने के साथ ही विभाग द्वारा उनको प्याज की तकनीकी खेती करने हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाएगा, जिससे उनको अधिक से अधिक लाभ मिल सके । इच्छुक किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए उद्यान विभाग में पंजीयन कराने के साथ ही विभाग में बैंक पासबुक, आधार की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, खतौनी, मोबाइल नम्बर के साथ ही 10 रुपए का स्टाम्प प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात विभाग द्वारा प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर निःशुल्क बीज वितरण किया जायेगा, जिससे शासन के मंशानुरूप अपनी आय को दोगुनी कर पायेगा। जिला उद्यान अधिकारी श्री उमेश चन्द्र उत्तम द्वारा बताया गया कि अब तक 200 हे0 से अधिक आवेदन विभाग को प्राप्त हो चुके है।

# तटवर्ती इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी, हड़कंप



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** गंगा जमुना के जलस्तर में अचानक शुरू हुई वृद्धि से कछारी क्षेत्रो में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा। मंगलवार की सुबह बाढ़ का पानी हेतापट्टी मार्ग के नीचे से पूरे सूरदास गांव तक पहुच गया जिसकी वजह से तराई क्षेत्र में रहने वालों की नींद उड़ गई है। गंगा, जमुना में आई बाढ़ का पानी अब तेजी से तटवर्ती गांवो को ओर बढ़ने लगा है। मंगलवार को पूरे दिन बाढ़ के पानी बढ़ोतरी जारी रही जिसकी वजह से बाढ़ का पानी हेतापट्टी मार्ग के साथ झूंसी कोहना स्थित कई आश्रम के बाहर तक पहुच गया। गंगा, जमुना का रौद्र रूप देख कर ग्रामीण सहम गए हैं। बदरा के पूर्व प्रधान संजय यादव ने बताया कि जिस तरह पानी बढ़ रहा है सुबह तक पानी हेतापट्टी मार्ग के ऊपर तक आ जायेगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप यादव का कहना था कि बाढ़ की वजह से सब से अधिक फसलों का नुकसान होता है और हेतापट्टी मार्ग डूबने की वजह से दर्जन भर गांव का सम्पर्क मुख्य मार्ग से कट जाता है लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई भी दौरा नही हुआ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नगर निगम में मिली 41 शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा तथा अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव द्वारा आज दिनांक 06 अगस्त 2024 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुएं फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव तथा अरविन्द राय, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा० विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, समस्त जोनल अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## रोजगार मेले में 33 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 33 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 67 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य के0के0 कुशवाहा, अनुदेशक द्वारा किया गया। यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजना ने दी है।

## हुड़दंगबाजों ने घर के बाहर खड़ी कार का तोड़ा शीशा

**प्रयागराज।** कटरा स्थित यादव चाय वाली गली में शनिवार तड़के खड़ी बलेनो कार का शीशा तोड़ दिया गया। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित सैय्यद सुहैल ने बताया कि शनिवार तड़के हुड़दंगबाजों ने कार के पिछली तरफ का शीशा तोड़ दिया है। घटनास्थल के पास सीसीटीवी कैमरा भी लगा है, लेकिन लाइट न आने से गली में अंधेरा था। इस वजह से आरोपियों की हरकत कैमरे में कैद नहीं हो सकी। शिकायत पर कर्नलगंज थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## प्रीतमनगर में चोरों ने घर से उड़ाए लाखों के गहने

**प्रयागराज।** प्रीतमनगर स्थित एक मकान का ताला तोड़कर सोमवार दिनदहाड़े लाखों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया गया। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित इंद्रपाल ने बताया कि सोमवार सुबह नौ बजे वह अस्पताल में ड्यूटी करने चले गए। शाम पांच बजे लौटे तो कमरे और आलमारी का सामान बिखरा था। आरोपियों ने घर से चार सोने की चेन, चार कंगन, एक हार, चार कान के टप्स, तीन अंगूठी, चार जोड़ी पायल, दो जोड़ी बाली, चार कील, एक मोबाइल और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चुरा ले गए।

# हर-घर तिरंगा अभियान की जिला कार्यशाला आज

**अखंड भारत संदेश**

**अभियान के सफलता हेतू यमुनापार के भाजपाइयों ने की बैठक, प्रदेश द्वारा काशी क्षेत्र के सभी जिला मीडिया प्रभारियों की हुई वर्चुअल बैठक**



**प्रयागराज।** हर घर तिरंगा अभियान के सफलता हेतु भारतीय जनता पार्टी यमुनापार प्रयागराज जिला की योजना बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में रामपुर करछना में आयोजित हुई। जिसमें अभियान से जुड़े कार्यकताओं ने भाग लिया। वहीं प्रदेश द्वारा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी, सह-मीडिया प्रभारी व सभी ज़िले के मीडिया प्रभारियों की वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई। भाजपा यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने भी बैठक में सम्मलित हुए और बताया कि यमुनापार ज़िले की कार्यशाला बुधवार को जिला कार्यालय सिविल लाइंस प्रयागराज में दोपहर 12:30 पर आयोजित होंगी। अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री राजेश शुक्ला बनाएं गए।





# नैनी स्टेशन रोड पर जेसीबी की खुदाई के दौरान फटी पानी की पाइप, बगैर बारिश के ही रोड पर भरा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है,जिससे अधिकारियों के प्रति लोगों में रोष व्याप्त है**




**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य आज लगभग तीन महीनों से चल रहा है। नैनी स्टेशन चौकी के समीप सड़क के बगल में मंगलवार को लगभग 6 से 8 फीट का गड्ढा किया गया था। गड्ढा करने के दौरान जेसीबी मशीन ने पानी पाइप लाइन को तोड़ दिया और वहां से कर्मचारी रफूचक्कर हो गए, जिसके बाद से ही सड़क तालाब का रूप लेने लगी है। अब सवाल यह उठता है कि यदि कोई वाहन चालक किनारा समझ कर निकलना चाहे और गलती से वाहन उसका उक्त गड्ढे में चला जाए तो मौत होना निश्चित है लेकिन लापरवाह अधिकारियों के इस रवैए से स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस गड्ढे में किसी भी तरह की अनहोनी घटती है तो उसके जिम्मेदार ये लापरवाह अधिकारी ही होंगे जो कार्य को कछुए की चाल की तरह करवा रहे हैं जिससे की स्थानीय व्यापारियों का रोजगार भी मर गया है। लेकिन तीन महीने से ऊपर होने को है लेकिन सड़क चौड़ीकरण के कार्य में कोई भी प्रोग्रेस नहीं नजर आ रहा है। अधिकारी इस बात की गंभीरता पर चुप्पी साधे बैठे हैं जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी डॉ मोनू केसरवानी, गुलफाम, अरुण केसरवानी, अन्नू केसरवानी, मनीष केसरवानी आदि बताते हैं कि अभी कुछ दिन पहले ही एक ई-रिक्शा में परचून का सामान एक व्यापारी ले जा रहा था जो कि सड़क पर बने गड्ढे की वजह से पलट गया था उसमें काफी नुकसान हुआ था। बस गनीमत रही की ई रिक्शा चालक को गंभीर चोटें नहीं आई थी। लेकिन इन दिनों इस सड़क की स्थिति और भी दयनीय हो चुकी है जिसमें की यदि कोई वाहन चालक धोखा खाता है तो उसकी मौत निश्चित हो सकती है, क्योंकि इसी रोड से लोग ट्रेन से उतरे यात्रियों को अपने वाहन से बिठाकर हर रोज शहर के लिए जाते हैं।

## अस्वच्छ शौचालयों की नगर पालिका में दें जानकारी

**प्रतापगढ़।** उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका के अनुपालन में बताया गया कि जिले के नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्केवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पालिका परिषद् बेल्हा-प्रतापगढ़ सीमान्तर्गत स्थित समस्त 25 वार्डों में किया जा रहा है। कोई भी सर्वसाधारण, कार्यालय नगरपालिका परिषद् बेल्हा-प्रतापगढ़ के सफाई व स्वास्थ्य अनुभाग में उपस्थित होकर या संतोष कुमार सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से मो० नं0-9118209219 पर सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेंजरों की सूचना दे सकते हैं, जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हींकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके। यह जानकारी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार ने दी।

## तेज रफ्तार बाइक सवार गहरी खाई में पलटा, रेफर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पठखौली गांव में प्राथमिक विद्यालय के समीप 20 फीट गहरी खाई में बाइक सवार अनियंत्रित होकर जा पलटा। हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटे आई हैं। बता दें पड़ोसी जनपद जौनपुर के महराजगंज थाना अंतर्गत अमारी गांव के रहने वाले राधेश्याम सरोज उम्र 40 वर्ष पुत्र माले बंधवा बाजार से घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान वह पठखौली गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के बगल से गुजरी सड़क पर पहुंचा था कि अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और वह करीब 20 फीट गहरी खाई में बाइक समेत जा पलटा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां पर सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस भी पहुंची इस दौरान चिकित्सक ने हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार कर घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया पैदल गश्त

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने स्थानीय पुलिस के साथ पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। बता दें प्रयागराज 101 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट मनोज कुमार के मार्गदर्शन एवं सहायक कमांडेंट शंभू कुमार, निरीक्षक अनिल कुमार, निरीक्षक मनीष कुमार, के नेतृत्व में पट्टी एवं आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा कराया गया। इस दौरान पट्टी कोतवाल आलोक कुमार, उप निरीक्षक इंद्रेश कुमार, श्याम सुंदर गिरी के साथ जहां पट्टी थाने के कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे तो वही आसपुर देवसराय थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के साथ पुलिस अमला मौजूद रहा।

## बीच-बचाव करने पहुंचे पिता पुत्र सहित एक अन्य घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जेसीबी बगल करने को लेकर जेसीबी चालक से बाइक सवार दो युवक भिड़ गए और मारपीट करने पर बीच-बचाव करने पहुंचे पिता पुत्र को पीट कर घायल कर दिया कंधई थाना क्षेत्र के पूरे पांडे दीवानगंज गांव निवासी गया प्रसाद साहू शीतला गंज मोड के पास नये मकान के सामने जेसीबी से पुलिया डलवा रहे थे। सोमवार की रात आठ बजे दीवानगंज बाजार से बाइक से दिलीप पुर थाना क्षेत्र के खूझी कला गंगागंज गांव के युवकों ने जेसीबी चालक से कहासुनी होने लगी जगह न होने पर बाइक सवार युवक ने फोन करके गांव के लगभग पंद्रह लोगों को मौके पर बुला लिया जेसीबी चालक को मारने पीटने लगे मौके पर काम करवा रहे गया प्रसाद साहू व अनुज कुमार साहू व एक अन्य बीच-बचाव करने लगे उसी दौरान लाठी डंडे से हमला कर दोनों को घायल कर दिया हल्ला गुहार होने पर आसपास के सैकड़ों लोग इकठ्ठा हो गये और अफरातफरी मच गई घटना की जानकारी चैकी दीवानगंज पुलिस के साथ एस ओ कधंई अवन कुमार दीक्षित भी पहुंच कर गंगागंज गांव पहुंचे ग्रामीणों से घटना की जानकारी युवकों की ली मारपीट करने वाले अराजकतत्वों को चिंहित करके वापस घटना स्थल पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की तलाश में जुट गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी इस संबंध में चैकी प्रभारी दीवानगंज दिनेश सिंह ने बताया कि गंगागंज के दो युवक शराब के नशें में आकर गाली-गलौज के साथ मारपीट की है तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी रोजगार मेले का आयोजन कल

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा दिनांक 08 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी (रानीगंज) परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी क्वेस कार्प लिमिटेड के द्वारा विभिन्न कम्पनियों क्रमशः टीपीआई कम्पोजिट्स, सुन्दरम ब्रेक लाइनिंग, भारत बायोटेक एवं टाटा मोटर्स के आपरेटर टेज्नी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अप/लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॉर में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा है जनरल जॉब सीकर का। अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें। एक्सपीरियंस भरने के लिये न्यू एक्सपीरियंस बटन पर क्लिक करना होगा। समस्त डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने है। प्रिन्ट रजिस्टेज्शन कार्ड बटन पर क्लिक करके आप अपना जॉब कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर रिज्यूम बनाने की सुविधा भी दी गई है। अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है।

## प्रत्येक कार्यकर्ता अपने को राहुल गांधी समझकर करें काम: नीरज त्रिपाठी- संगठन सृजन की बैठक में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन की बैठक में जिला अध्यक्ष डा नीरज त्रिपाठी ने कुंडा डाक बंगले में कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को राहुल गांधी समझ कर काम करे तभी संघठन मजबूत होगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि कांग्रेस आज पूरे देश में किसान, मजदूर, मजबूर, महिला, गरीब, मजलूम, बेसहारा की लड़ाई लड़ रही है जिससे आम जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास बड़ा है। प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा की आज सरकार की उदासीनता के कारण किसान परेशान है नहरों में पानी नहीं है, गांवों में बिजली नहीं है अगर है तो लो वोल्टेज है गोदाम में खाद नहीं है जिससे किसानों की फसलें सुख रही हैं। बैठक के उपरांत अपना दल एस, कुंडा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनन्द पटेल व नागेंद्र यादव राहुल गांधी के कार्यों व कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर अपने समर्थको के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा वी के सिंह, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष करुण पांडेय, पूर्व प्रदेश सचिव उज्जवल शुक्ला, सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रानंद तिवारी, पूर्व प्रत्याशी कुंडा योगेश यादव, मीडिया विभाग के राष्ट्रीय समन्यवक संदीप तिवारी, पूर्व प्रत्याशी बाबागंज बीना रानी, संजय शुक्ला, विजय शंकर तिवारी, डॉ. वी के सिंह आदि मौजूद रहे।

# अण्डर-14 में अभिषेक यादव व अण्डर-17 में राकेश मौर्य रहे अव्वल

### दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन




**प्रतापगढ़।** पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर प्रतापगढ़ में दो दिवसीय वाराणसी-ब संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 वर्ग में किया गया। नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की तरफ से आयोजित वाराणसी-ब संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 के बालक-बालिका वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय अम्बेडकरनगर, अमेठी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, वाराणसी व सुल्तानपुर के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

प्रगितियोगिता में बालक वर्ग में कुल 5 राउंड तथा बालिका वर्ग के अण्डर-14 में 03 राउंड तथा अण्डर-17 व अण्डर-19 में कुल 5 राउंड आयोजित किये गए। वाराणसी-ब संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता को रिजल्ट में अण्डर-14 में अभिषेक यादव अम्बेडकर नगर, विपांश अमेठी, अण्डर-17 में राकेश मौर्य जौनपुर, आयुष दुबे सुल्तानपुर, अण्डर-19 में राज मिश्रा अमेठी व देवांश जायसवाल वाराणसी विजेता रहे। बालिका वर्ग के अंडर-19 में रोशनी चैरसिया, अंडर-14 में अंशिका ने अपने सभी मैच जीते जबकि बालक वर्ग के अंडर-19 में राज मिश्रा, अंडर-17 में रक्षक मौर्या व अंडर-14 में अभिषेक यादव ने अपने सभी प्रतिभागीयों को हराकर सभी मैच जीते। उपरोक्त प्रतियोगिता में सभी विजयी छात्र-छात्राएं 9 व 10 अगसत को जवाहर नवोदय विद्यालय, फतेहपुर में क्षेत्रीय संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के अंत में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ़ के प्राचार्य संत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्क्रष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा जो छात्र-छात्राएं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायें उन्हें भविष्य के लिए और अच्छी तैयारी के साथ प्रतियोगता में सम्मिल्लित होने का आशीर्वाद दिया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गए। इस अवसर पर संत सिंह, प्राचार्य ने उपप्राचार्य लाल सिंह, समस्त शिक्षक-शिक्षकाओं व कर्मचारियों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

# पुलिस अधीक्षक व ईओ से मिले व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

## सुरक्षा व समस्याओं से कराया गया अवगत




**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी, कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, सुनील जायसवाल, सरदार कुलविंदर सिंह, विष्णु सिंह, शकील अख्तर, आशीष सिंह, जगदीश मौर्य (जंबो) आदि अन्य पदाधिकारी और सम्मानित व्यापारी बंधुओं ने सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रथम जनपदागमन पर पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार को पुष्प गुच्छ व स्वागत बधाई पत्र देकर मुलाकात की।

शिष्टाचार मुलाकात में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने पुलिस अधीक्षक के कार्य प्रणाली पर व्यापार मंडल की ओर से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि आपके सख्त कानूनी पुलिसिंग कार्य प्रणाली से जनपद के समस्त व्यापारी व आम जनमानस राहत की सांस ले रहे हैं। उपरोक्त मुलाकात पर सभी का आभार व्यक्त कर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों की सुरक्षा संबंधी समस्याओं और उनके सुझावों को जानने के लिए व्यापार मंडल और व्यापारियों के साथ एक बड़ी बैठक सुनिश्चित करने की बात कहीं। एसपी से मुलाकात करने के बाद नवागंतुक नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार से मुलाकात की गई। नगर पालिका ई ओ से जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने नगर पालिका संबंधित शहर में साफ सफाई, सभी क्षेत्रों में रोशनी व्यवस्था, अववस्थित टैंपो टमटम व अवैध वाहन अड्डों से जाम होना तथा छोटे दुकानदारों को पॉलिथिन का चालान ना कर पॉलिथीन आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने की बात कही।

# राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में शैक्षिक सेमिनार संपन्न


## बांटे गए मूल्यवान पुरस्कार




**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में शैक्षिक सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन होटल शशांक में किया गया। सर्वप्रथम सर्वशक्तिमान ईश्वर के समक्ष दीप प्रज्वलन हुआ।

अतिथियों एवं अभिकताओं का स्वागत करते हुए जुझारू विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि सफलता बहादुर लोगों के ही पास रहती है, जो कीर्तिमान बनाते हैं। प्रबंधक वित्त लेखा मोहन राम शर्मा ने 9 अगस्त के बीमा मेला एवं बीमा क्रांति महोत्सव के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि मार्केटिंग बिजनेस हेतु तुरंत का लाभ नहीं बल्कि आगे के लाभ के विषय में सोचना है। अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि जो भीड़ से अलग दिखाई पड़ते हैं उन्हीं को सब देखते हैं। अतः बीमा क्रांति महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करें नाम होगा। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एल आई सी प्रतापगढ़ के मुख्य प्रबंधक दीपक चावला ने अनेक लाभकारी योजनाओं के विषय में बताया। कहां की जीवन आराम करने के लिए नहीं है। संघर्ष करना आवश्यक है। इस मौके पर सहायक शाखा प्रबंधक पंकज सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जीवन में सफल होने के तरीके बताएं। उन्होंने बीमा योजनाओं का विश्लेषण किया। बीमा क्षेत्र में अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने वाले मीला शुक्ला, राघव सिंह, विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राम सजीवन वर्मा, सतीश चंद्र त्रिपाठी, संजीव शर्मा, शोभित मिश्र को शानदार पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, सुनील कुमार सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, मुस्कान विश्वकर्मा, दीपा बरनवाल, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारत हिंदू महासभा युवा मोर्चा के पूर्वांचल प्रदेश के अध्यक्ष बने अभिषेक पांडे



**कुण्डा, प्रतापगढ़।** युवाओं मे लोकप्रिय और कुण्डा के रहने वाले अभिषेक पांडे को अखिल भारत हिंदू महासभा ने युवा मोर्चा के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये गये है। लखनऊ मे प्रदेश मुख्यालय के एक कार्यक्रम मे अभिषेक पांडे को ये महत्वपूर्ण जिम्मेदार सौपी गयी है। महासभा पूरे देश मे हिंदू हितो की लड़ाई लड़ रहा है और अब युवाओं को अपने से जोड़ने के लिए युवा मोर्चा के माध्यम से अपने विस्तार पर काम करने जा रहा है। अभिषेक पांडे अमर प्रभा सामजिक संस्थान के माध्यम से समाजसेवा के कार्यो को पिछले कई वर्षो करते आ रहे है। इस मनोनयन पर उनके मित्रों, समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दिया है।

## मतगणना कार्मिकों को अफीम कोठी सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

**प्रतापगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा के निर्देशन में पंचायत उपचुनाव प्रतापगढ़ के 8 प्रधानों क्रमशः ग्राम पंचायत मालाधार छत्ता, सराय गोपाल, कोडरखुर्द, जगन्नाथपुर, इटौरी, जयरामपुर, तरौल व वैशपुर, 01 ग्राम पंचायत सदस्य सगरा सुंदरपुर/15 तथा 01 क्षेत्र पंचायत सदस्य 45-अंतामऊ के निर्वाचन हेतु आगामी 08 अगस्त 2024 को होने वाले मतगणना हेतु मतगणना कार्मिकों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी प्रतापगढ़ के सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एआरपी धर्मेंद्र ओझा एवं अशोक शुक्ला ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि आप सभी पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले यदि किसी भी प्रकार की शंका हो तो उसका समाधान यही कर ले जिससे मतगणना करते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## बीएसए कार्यालय में कार्यरत वित्त एवं लेखाधिकारी को दी गई विदाई



**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात वित्त एंव लेखा अधिकारी प्रशांत कुमार चतुवेर्दी के सेवानिवृत्ति होने के पश्चात आज उनके सम्मान में विदाई समारोह का कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रतापगढ़ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका व्यवहार सभी के प्रति निष्पक्ष और सरल रहा है। इस मौके पर नव नियुक्त लेखा अधिकारी, जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़ सुशील कुमार सिंह, स्काउट मास्टर, लेखा कार्यालय के सभी लेखाकार बीएसए कार्यालय के सभी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## एक ही कैंपस में चल रही है नर्सरी से इंटर तक की कक्षाएं- स्कूल प्रबंधकों की मनमानी बरकरार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नियम-कानून को दर किनार करते हुए स्कूल संचालक एक ही कैंपस में नर्सरी से लेकर इंटर तक की कक्षाओं को संचालित कर रहे हैं। शिक्षा विभाग इस तरह के स्कूलों पर कार्रवाई न कर उन पर अपना रहमो करम बनाए रखा है। स्थानीय विकास खंड में अधिकांश स्कूल संचालक इस तरह है की वह नर्सरी से लेकर इंटर तक की सभी कक्षाएं एक ही कैंपस में संचालित कर रहे है। विभाग सब कुछ जानते हुए भी कोई कार्रवाई नही करता है। जबकि नियम को देखा जाए तो नर्सरी का कैंपस अलग होना चाहिए। फिलहाल यह तो जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी, लेकिन लोगों की मानें तो इस मामले में कई बार शिकायत भी की गई है, लेकिन अधिकारी कोई भी कार्रवाई नहीं करते हैं। यही नहीं लगभग एक वर्ष पूर्व विभाग ने अमान्य स्कूलों को नोटिस देकर उन्हें तत्काल बंद करने का आदेश दिया था,लेकिन न तो विद्यालय बंद हुए और न ही कोई कार्रवाई हुई।

# आज का विज्ञान कल की तकनीकः एडीआईओएस

## दो मेधावी मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए चयनित



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के तत्वाधान में राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2024 के जनपद स्तर का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया।

विज्ञान संगोष्ठी का विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संभाव्यता, और सरोकार रहा। इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने अपने भाषण और शानदार प्रस्तुतियां दी। विज्ञान संगोष्ठी का उद्घाटन सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने रिबन काटकर तथा दीप प्रज्जवलित कर और सरस्वती के चित्र पर मान्यर्पण अर्पित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि और आए हुए अतिथियों का स्वागत गीता प्रधानाचार्य एवम डॉक्टर मोहम्मद अनीस, उप प्रधानाचार्य ने बुके के साथ किया। विशेष अतिथियों में रहे कुल श्रेष्ठ तिवारी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़। सम्मानित निर्णायक मंडल में रहे डॉक्टर विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज कांपा रामपुर प्रतापगढ़, प्रमोद कुमार तिवारी, लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं सविता सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकवार पट्टी प्रतापगढ़ रहे। इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इस विज्ञान संगोष्ठी के माध्यम से कक्षा 8/10 तक के विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने, वैज्ञानिक चिंतन तथा अनुसंधान की प्रवृत्ति जागृत करने के लिए यह संगोष्ठी आयोजित की गई है। इस अवसर पर विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉक्टर कल्पना, डॉक्टर अस्मत नीलू अंसारी, डॉक्टर प्रियंका सिंह, सविता सिंह, उमर जमील, शिखा त्रिपाठी, प्रतिमा मिश्रा, आराधना सरोज, सीमा तबस्सुम, श्रुति श्रवस्तवा, अनिल निलय, आम्रपाली कमूमकप, पुस्पेंद्र सिंह, डॉक्टर स्निग्धा पांडे, शिशिर श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, सीमा तिवारी, मशोक अली, अमित श्रीवास्तव, राजेश, कपेन्द्र सिंह, अनुपम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।

# निरंकुशता के कारण हसीना का निष्कासन

संपादक

## बांग्लादेश : चिरागों के बदले मुल्क जल रहा है

बांग्लादेश में तख्ता प्लाट न अप्रत्याशित है और न इसे टाला जा सकता था, क्योंकि जिस तरह से प्रधानमंत्री शेख हसीना देश को चला रहीं थीं उसका हासिल यही होना था। शेख हसीना अपने मुल्क में तख्ता पलट होते ही पद से इस्तीफा देकर भारत में शरणार्थी बन गयीं हैं, लेकिन बांग्लादेश की आग की जलन आस-पड़ौस में भी महसूस की जा रही है। 53 साल के बांग्लादेश को ये दिन क्यों देखना पड रहे हैं इसका विश्लेषण अब बहुत जरूरी हो गया है।

आज से 53 साल पहले 16 अगस्त 1971 को बांग्लादेश जिन परिस्थितियों में बना था तब से अब तक बहुत कुछ बदला है। बंगलादेश में ठीक वैसी ही राजनीति चली आ रही है जिसका विरोध अक्सर भारत में विभिन्न राजनीतिक दल करते आ रहे हैं। आपको याद होगा कि भारत ने 6 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी थी। हालांकि तब वो पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा था। कोई 10 दिन बाद बांग्लादेश को पूर्ण आजादी तब मिली थी जब पाकिस्तान की सेना ने भारत की सेना के समाने हथियार डाल दिए थे।

बांग्लादेश स्वाभाविक रूप से भारत का मित्र है और पिछले 53 साल में तमाम उठपटक के बावजूद भारत और बांग्लादेश में अपवादों को छोड़कर कभी अनबन नहीं हुई। जानकार कहते हैं कि दक्षिण एशिया के देशों में बांग्लादेश के सबसे करीबी संबंध भारत के साथ ही हैं। सिर्फ.व्यापार के स्तर पर बात करें तो दोनों देशों के बीच 10 अरब डॉलर का कारोबार होता है, जो पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है। पाकिस्तान बनने के 24 साल बाद ही बांग्लादेश का उदय हुआ। क्यों हुआ ये सब जानते हैं। इसकी तफ्सील में जाना शायद जरूरी नहीं है।

बांग्लादेश में तख्तापलट की वजह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा समाप्त करने की मांग को लेकर पिछले महीने से छात्रों का आंदोलन है। लेकिन बाद में यह एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया और आग ऐसी भड़की की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। वे यदि पलायन न करतीं तो मुमकिन है कि उन्हें भी हिंसा का शिकार होना पड़ता। दुर्भाग्य की बात ये है कि जिस बांग्लादेश की आजादी में भारत की प्रमुख भूमिका रही उस बांग्लादेश में पाकिस्तान की राजनीति का रंग ज्यादा चढ़ा बजाय भारत की राजनीति के।

दुनिया जानती है की 170 मिलियन की जनसँख्या के साथ, जनसँख्या की दृष्टि से बांग्लादेश दुनिया का आठवा सबसे बड़ा देश है, और एशिया में जनसँख्या के हिसाब से पाँचवा सबसे बड़ा देश और सर्वाधिक मुस्लिम जनसँख्या की दृष्टि से तीसरा ( भारत, पाकिस्तान के बाद ) सबसे बड़ा देश है। अधिकारिक बंगाली भाषा दुनिया में सातवी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जिसका उपयोग बांग्लादेश के साथ-साथ पडोसी राष्ट्र भारत के पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और आसाम में भी किया जाता है। बांग्लादेश के साथ भारत का एक पडोसी का ही नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक और भाषाई रिश्ता भी है। इसे आप रोटी-बेटी का रिश्ता भी कह सकते हैं।

शेख हसीना भारत के नेहरू परिवार की राजनीति से मेल खाती राजनीति की उपज हैं। लेकिन उन्होंने न कभी चाय बेचीं और न कभी परिवारवाद की राजनीती का विरोध किया। उन्हें अपने पिता शेख मुजीब की वजह से राजनीति में जगह जरूर मिली लेकिन आसानी से नहीं। उन्होंने अपना बहुत कुछ खोया भी। शेख हसीना के पिता, माँ और तीन भाई 1975 के तख्तापलट में मारे गए थे। उस हादसे के बाद भी उन्हें राजनीतिक सफलता आसानी से नहीं मिली। उन्होंने 80 के दशक में बांग्लादेश में जनरल इरशाद के सैनिक शासन के खिलाफ जो मुहिम छेड़ी, उसके दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। जनरल इरशाद के बाद भी उन्हें जनरल की पत्नी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की खालिदा जिया से कड़ी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़वी और लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। शेख हसीना ने 1996 में चुनाव जीता और कई वर्षों तक देश का शासन चलाया। उसके बाद उन्हें विपक्ष में भी बैठना पड़ा। उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उन पर एक बार प्राणघातक हमला भी हुआ जिसमें वे बाल बाल बच गईं , एक बार फिर बांग्लादेश राजनीति के गहरे भँवर में फंस गया और देश की बागडोर सेना-समर्थित सरकार ने संभाल ली। इस सरकार ने शेख हसीना पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और उनका ज्यादातर वक्त हिरासत में ही गुजरा।

इस बीच वे अपने इलाज के लिए अमरीका भी गईं और ये अंदाजा लगाया जा रहा था कि वे जेल से बचने के लिए शायद वापस लौट कर ही ना आएँ। लेकिन वे वापस लौटीं और दो साल के सैनिक शासन समेत सात साल बाद 2008 में हुए संसदीय चुनावों में विजय प्राप्त की। शेख हसीना अब शायद ही बांग्लादेश की सियासत में वापस लौट सकें।

बांग्लादेश में तख्तापलट की असली वजह विपक्ष का सफाया और देश की खराब आर्थिक स्थिति के साथ ही कारण 1979 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वालों के लिए नये देश में तीस फीसदी का आरक्षण नौकरियों में देने का फैसला रहा । नव जवान यह माँग कर रहे थे कि जिन लोगों ने मुक्ति

## पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कम दिया जाता है दर्द निवारक उपचार : शोध

एक शोध में यह बात सामने आई है कि एक तरह की बीमारियों में महिलामरीजों की तुलना में पुरुषों को ज्यादा दर्द निवारक दवाएं दी जाती हैं।

हिब्रू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शोहम चोशेन हिलेल और मिका गुज़िकेविट्स के नेतृत्व में किए गए शोध से पता चला है कि आपातकालीन कक्षों में दर्द के इलाज में महिलाओं और पुरुषों को दी जाने वाली दर्द निवारक दवाओं में अंतर होता है।

शोध से पता चला है कि दर्द के स्तर, आयु, चिकित्सा इतिहास और शिकायतों पर विचार करने के बाद भी महिला रोगियों को पुरुष रोगियों की तुलना में कम दर्द निवारक दवाएं दी जाती हैं।

यह शोध कहता है कि महिलाओं के दर्द को पुरुषों के दर्द की तरह गंभीरता से नहीं लिया जाता।

अमेरिकी और इजरायली स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण कर शोधकताओं ने पाया कि आपातकालीन विभाग से छुट्टी पाने वाली महिला मरीजों को पुरुष मरीजों की तुलना में दर्द की शिकायतों के लिए उपचार मिलने की संभावना कम होती है।

विशेष रूप से आपातकालीन विभागों से प्राप्त डिस्चार्ज नोटों के डेटासेट से पता चला है कि महिला मरीजों को पुरुष मरीजों की तुलना में ओपिओइड और गैर-ओपिओइड सहित किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा के लिए प्रिस्क्रिप्शन मिलने की भी संभावना कम है।

इसके अतिरिक्त महिला मरीजों को आपातकालीन विभाग में अतिरिक्त 30 मिनट तक रुकना पड़ता है और उनके दर्द का स्कोर नर्सों द्वारा दर्ज किए जाने की संभावना 10 प्रतिशत कम होती है।

प्रो. चोशेन-हिलेल ने कहा, "हमारे शोध से पता चलता है कि आपातकालीन देखभाल में महिलाओं के दर्द को कैसे माना जाता है और उसका इलाज कैसे किया जाता है, इस बारे में एक परेशान करने वाला पूर्वाग्रह है।"

उन्होंने कहा, "महिला रोगियों के दर्द का इस तरह से कम उपचार किए जाने से महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से ठीक होने में अधिक समय लग सकता है। इससे कई जटिलताएं उत्पन्न उत्पन्न हो सकती हैं।"

**-ललित गर्ग-**

बांग्लादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसूना करने से पनपे विद्रोह, आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लम्बे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसूना करने के कारण ही हसीना आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बांग्लादेश बेहाल हो गया, हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार





को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया, एक विस्कोटक स्थिति बनी, क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धान्त है कि आदर्श ऊपर से आते हैं, क्रांति नीचे से होती है। बांग्लादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी, बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड, हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये, सरकारी सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। निश्चित ही पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। बीजिंग और नई दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं।

हालांकि, शेख हसीना के खिलाफ उपजे आक्रोश के मूल में तात्कालिक कारण अतार्किक एवं असंगत आरक्षण ही रहा, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल व उनके आनुषंगिक संगठन सरकार को उखाड़ने के लिये बाकायदा मुहिम चलाये हुए थे। दरअसल, वर्ष 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान के दमनकारी शासन से आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी के रिश्तेदारों के लिये उच्च सरकारी पदों वाली नौकरियों में तीस प्रतिशत आरक्षण का विरोध छात्रों ने किया। उनका तर्क था कि उनकी कई पीढ़ियां आरक्षण का लाभ उठा चुकी हैं, फलतः बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। लेकिन इस आंदोलन को हसीना सरकार ढंग से संभाल नहीं पायी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया था, लेकिन सरकार इस संदेश को जनता में सही ढंग से नहीं पहुंचा सकी। फिर छात्र नेताओं की गिरफ्तारी ने आंदोलन को उग्र बना दिया। जनाक्रोश के चरम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आक्रामक भीड़ ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व करने वाले ह्यबंगबंधुह्व शेख मुजीबुर रहमान की मूर्ति तक को तोड़ दिया। निस्संदेह, सत्ता से चिपके रहने के लिये किए जाने वाले निरंकुश शासन की परिणति जनाक्रोश एवं जनान्दोलन के चरम के रूप में सामने आता ही है।

ताजा घटनाक्रम एवं हिंसक आंधी श्रीलंका में 2022 के विरोध प्रदर्शन की याद ताजा कर गया, जिसमें वहां राजपक्षे बंधुओं को सत्ता से उतरकर विदेश भागने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, फिलहाल बांग्लादेश में सेना ने कमान अपने हाथ में ली है लेकिन आने वाली सरकार को उच्च बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करना होगा। नयी व्यवस्था एवं सोच में व्यापक सकाकरात्मक परिवर्तन हो, विदेशी ताकतों विशेषतः पाकिस्तान की कठपूतली बनने से बचना होगा। हालांकि, भारत के हसीना सरकार से मधुर संबंध थे, भारत बांग्लादेश का सबसे करीबी, सहयोगी और दुख के दिनों का साथी रहा है। शेख हसीना बांग्लादेश के बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हैं। 1975 में परिवार के ज्यादातर सदस्यों के साथ एक सैन्य तख्तापलट में उनकी मौत हो गई थी। लेकिन शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस वक्त जर्मनी में थी। इसलिए जिंदा बच गई थी। तब तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख हसीना और उनकी बहन को भारत बुलाया था एवं संरक्षण प्रदान किया था। लेकिन हालिया उथल-पुथल को देखते हुए हमें अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। पाकिस्तान परस्त बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आसन्न वापसी भारत के लिये सावधान होकर अग्र-स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देने की है। बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस देश के अंतरिम प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बताया जा रहा है कि शेख हसीना का विरोध कर रहे छात्रों ने मोहम्मद यूनुस के नाम का समर्थन किया है। शेख हसीना और यूनुस का आपस में बहुत तनाव रहता था। अब यूनुस से उम्मीद की जा रही है कि वह देश को स्थिरता की ओर ले जा सकते हैं। भारत पडोसी देश के नाते बांग्लादेश में स्थिरता, शांति एवं सौहार्दपूर्ण स्थितियों की कामना करता है।

प्रेषकः-

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**

**25, आई0पी0 एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

**फोनरू 22727486**

## वायनाड की तबाही अक्षम्य राजनीतिक अपराध का परिणाम

**– के रवींद्रन**

वायनाड के भूस्खलन के संदर्भ में, असली सवाल यह है कि क्या नवीनतम मसौदा अधिसूचना से सार्थक बदलाव आयेगा या यह केवल एक और रणनीति के रूप में ही काम करेगा। वायनाड में देखी गई तबाही एक अलग घटना नहीं थी, बल्कि पर्यावरण क्षरण के व्यापक पैटर्न का हिस्सा थी जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया है या अपर्याप्त रूप से संबोधित किया गया है।

वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन, जिसमें बस्तियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो गया, के बाद पश्चिमी घाट के लगभग 56,825 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को इको-सेंसिटिव क्षेत्र (ईएसए) के रूप में घोषित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक नयी मसौदा अधिसूचना जारी करने के निर्णय को इस क्षेत्र की पुरानी पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति एक रणनीतिक, सुविचारित दृष्टिकोण के बजाय एक जल्दबाजी में लिया गया कदम ही माना जा सकता है।

पश्चिमी घाट, जो एक एक जैव विविधता हॉटस्पॉट और एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय क्षेत्र है, लंबे समय से विकास संबंधी दबाव और अधकचरे संरक्षण प्रयासों दोनों के निशाने पर रहा है। घाट पिछले कई वर्षों से कई पर्यावरणीय चचाओं और कानूनी संशोधनों का विषय रहे हैं। यहां तक कि जुलाई 2022 में जारी नवीनतम मसौदा इस पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में विकास और संरक्षण के बीच जटिल संतुलन को संबोधित करने के उद्देश्य से अधिसूचनाओं की लंबी श्रृंखला में एक और पुनरावृत्ति को चिह्नित करता है।

विभिन्न राज्यों द्वारा उठाये गये मुद्दों से निपटने के लिए एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था, जिसे यह सुनिश्चित करना था कि गांव के नाम और ईएसए सीमाओं से संबंधित विसंगतियों को ठीक किया जाये। इन उपायों के बावजूद, लगातार संशोधनों से वास्तविक परिवर्तनों के बजाय ठहराव और सतही सुधारों की एक बड़ी, अधिक परेशान करने वाली प्रवृत्ति ही देखी गई। समस्या की जड़ पर्यावरणीय शासन व्यवस्था और राजनीतिक गतिशीलता के व्यापक संदर्भ में निहित है। पश्चिमी घाट की अधिसूचना की चल रही गाथा की असलियत का पता 2011 में गाडगिल समिति की सिफारिशों से लगाया जा सकता है। प्रख्यात पारिस्थितिकीविद् माधव गाडगिल के नेतृत्व में, समिति ने पश्चिमी घाटों के संरक्षण के उद्देश्य से उपायों का एक व्यापक और कठोर सेट प्रस्तावित किया था। गाडगिल रिपोर्ट ने क्षेत्र की भेद्यता को उजागर किया और एक मजबूत सुरक्षात्मक ढांचे की वकालत की। पश्चिमी घाट के इसकी पारिस्थितिक संवेदनशीलता के आधार पर तीन क्षेत्रों में वगीर्कृत किया गया था। इस ढांचे का उद्देश्य सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में कुछ प्रकार के विकास को प्रतिबंधित करना था, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बना रहे। हालांकि, गाडगिल समिति की सिफारिशों को विभिन्न राज्य सरकारों, विशेष रूप से केरल से तीव्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। राज्यों की आपत्तियां मुख्य रूप से संभावित आर्थिक प्रभावों और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली विकास गतिविधियों में संभावित कटौती की चिंताओं से प्रेरित थीं। इस प्रतिरोध के पीछे राजनीतिक गणना स्पष्ट थी - स्थानीय आबादी की मांगों और उनके निर्वाचन क्षेत्रों की आर्थिक अनिवार्यताओं के विरुद्ध पर्यावरणीय चिंताओं को संतुलित करना जिसका मुख्य उद्देश्य था। इस प्रतिरोध की परिणति के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में एक दूसरी समिति के गठन में हुई, जिसने 2013 में एक संशोधित रिपोर्ट तैयार की।

## क्या सुपर सीएम बनना चाहते हैं सिंधिया ?

**@ राकेश अचल**

केंद्रीय टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों फराटें भर रहे है। ग्वालियर-चंबल समभाग के वे पहले की तरह एक छत्र नेता बन गए हैं, क्योंकि अब क्षेत्र में उनका कोई प्रतिद्वंदी केंद्र की राजनीति में नहीं है। 2024 के आम चुनाव से पहले नरेंद्र सिंह तोमर उनके लिए एक चुनौती थे, लेकिन अब भाजपा ने उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़वाकर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बना दिया है। अब मजबूरी में ग्वालियर-चंबल संभाग के भाजपा नेताओं और कार्यताओं को सिंधिया के दरबार में हाजरी बजाना पड़ रही है।

केंद्रीय टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, भाजपा में हस्माइल होते ही पार्टी है कमान ने उन्हें न केवल राज्यसभा भेजा बल्कि केंद्रीय मंत्री भी बना दिया था, लेकिन उनके सामने ग्वालियर के ही नरेंद्र सिंह तोमर थे। वे भी केंद्रीय मंत्री थे, इसलिए केंद्र में विकास का श्रेय लेने की एक अघोषित दौड़ दोनों के बीच रहती थी। पार्टी कार्यकर्ता भी दो गुटों में बंटे हुए थे। जो सामंतवाद के विरोधी थे वे नव सामंतवाद के प्रतीक बने नरेंद्र सिंह तोमर के साथ खड़े होना पसंद करते थे। लेकिन अब आम चुनाव के बाद परिदृश्य बदल गया है। अब ग्वालियर -चंबल संभाग के लिए सिंधिया ' सुपर सीएम ' की हैसियत से सियासत कर रहे हैं। आपको याद होगा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में इस समय मध्य प्रदेश से पांच सांसदों को केन्द्र में मंत्री बनाया गया है। इनमें शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक, सावित्री ठाकुर और दुगार्दास उईके शामिल हैं। इन पांचों में ज्योतिरादित्य सिंधिया सबसे वरिष्ठ हैं। वे पहली बार 2007 में केंद्रीय मंत्री बने थे। सिंधिया के मुकाबले



शिवराज सिंह का संसदीय अनुभव हालाँकि ज्यादा है किन्तु केंद्र में वे पहली बार मंत्री बने हैं। उनसे पहले डॉ वीरेंद्र कुमार खटीक मंत्री बन चुके है। सावित्री ठाकुर और दुगार्दास उइके पहली बार मंत्री बने हैं। शिवराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया को छोड़ बाकी के तीन केंद्रीय मंत्रियों का आभामंडल और कार्यक्षेत्र सीमित है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने भी सिंधिया के क्षेत्र में दखल देने की हिम्मत नहीं दिखाई है।

प्रदेश में डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अघोषित रूप से 'सुपर सीएम' के रूप में उभरने की कोशिश कर रहे है। उनकी मार ग्वालियर -चंबल समभाग तक ही सीमित नहीं है वे उज्जैन, इंदौर और भोपाल तक मार कर रहे हैं। मालवा और विंध्य के जन प्रतिनिधियों को भी सिंधिया के यहां मुजरा करना पड़ रहा है क्योंकि इन क्षेत्रों से केंद्र में कोई नेता नहीं है। डॉ वीरेंद्र खटीक बुंदेलखंड से बाहर नहीं निकले। सावित्री और दुगार्दास को अभी केंद्रीय मंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाना है। ऐसे में अकेले ज्योतिरादित्य सिंधिया है जो सबकी जरूरत भी हैं और मजबूरी भी।

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आगरा-ग्वालियर छह लेन के राष्ट्रिय राजमार्ग की मंजूरी का श्रेय अकेले सिंधिया ने अपने खाते में दर्ज किया है। स्थानीय तीन अन्य सांसदों की इसमें कोई भूमिका नहीं गिनाई गयी। मुमकिन है कि हो भी नहीं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी कमोवेश सिंधिया की नयी हैसियत के प्रति नतमस्तक दिखाई दे रहे हैं। सिंधिया हालाँकि गुना के सांसद हैं किन्तु वे भिंड,मुरैना और ग्वालियर के सांसद की तरह भी काम कर रहे है। विकास कार्यों से संबंधित अनेक बैठकों में स्थानीय सांसदों को आमंत्रित तक नहीं किया जाता। नौकरशाही सिंधिया के इशारे के बिना पूरे संभाग में पत्ता भी नहीं हिला सकती।

भाजपा में एक बार फिर से उभरी सिंधियाशाही का ग्वालियर -चंबल अंचल को कितना लाभ मिलेगा ये तो अभी कहना कठिन है लेकिन ग्वालियर को एक गांव से शहर बनाने में सिंधिया लगातार नाकाम रहे है। वे २००२ से सक्रिय राजनीति में हैं। केंद्रीय मंत्री भी है किन्तु वे न तो ग्वालियर में तीन दशक से लंबित रोप- वे बनने दे रहे हैं और न शहर को स्मार्ट बनने दे रहे है। स्मार्ट सिटी परियोजना का अधिकाँश पैसा जयविलास पैलेस की चार दीवारी के संधारण और महल से मांडरे की माता मंदिर तक राजपथ बनाने पर खर्च किया जा चुका है। ग्वालियर में पुनर्घनत्वीकरण की दो बड़ी परियोजनाएं बीस साल से अधूरी पड़ीं हैं। ग्वालियर प्रदेश का ऐसा अकेला शहर है जहां 500 करोड़ की लागत से सिंधिया ने हवाई अड्डा तो बनवा दिया किन्तु वे अपने शहर में नगर बस सेवा शुरू नहीं करा पाए। इसका एक मात्र कारण ये है कि वे सब कुछ शाही सोचते और करते हैं।

ग्वालियर में एलिएवटेड रोड सिंधिया की कल्पना का एक बड़ा उदाहरण है लेकिन उसकी गति भी कछुआ चाल जैसी है। ग्वालियर का स्वर्ण रेखा नाला बदहाल है। शहर में एक हजार विस्तर का अस्पताल बन गया लेकिन वहां न पर्याप्त स्टाफ है और न सुविधाएं। सिंधिया के रहते ग्वालियर में अधूरी पड़ी परियोजनाओं की लांबी फेरहिस्त है किन्तु कोई बोलने को तैयार नहीं ।यहां तक कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के नाम पर तीन दशक पहले बनाया गया नया ग्वालियर 'साडा' और ग्वालियर मेला प्राधिकरण तक बदहाल है ग्वालियर प्रदेश का अकेला ऐसा शहर है जहां कोई वाटरपार्क नहीं है।

## सर्पदंश से बालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के बंदरकोल गांव में सर्पदंश से दस वर्षीय बालक की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

ये मामला कोतवाली कर्वी के बंदरकोल गांव का है। बताया गया कि ऋषभ पुत्र अशोक कुमार टॉयलेट जा रहा था, वहां बैठे सर्प ने डस लिया। सर्पदंश के बाद परिजनों ने गांव-देहात में बालक की झाड़फूंक कराई, राहत न मिलने पर जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। इस बाबत कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## युवक की हत्या की जताई आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संदिग्ध दशा में युवक का शव मंदाकिनी नदी किनारे घाट की सीढ़ियों पर मिलने पर लोगों ने नदी में डूबने से मौत की आशंका जताई है। परिजनों ने कहा कि पानी में डुबाकर व अन्य ढंग से हत्या की गई है। शरीर पर कोई कपड़े नहीं मिले। चप्पल घाट से दूर मिली है।

ये हादसा सोमवार को मंदाकिनी नदी पुलघाट पर संदिग्ध दशा में युवक का शव मिलने पर जताई। सवेरे सभी ने माना कि नदी में डूबने से उसकी मौत हुई होगी। सिंचाई कालोनी कर्वी के अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि छोटा भाई सोनू मिश्रा (35) शाम को घर से निकला था। वह टीशर्ट व पैंट पहने था। देर रात तक न लौटने पर खोजबीन करते रहे। सवेरे भाई का शव पुल घाट सीढ़ियों पर पानी में मिला। बताया कि सोनू नदी में तैर लेता था। उसकी हत्या कर शव नदी में फेंका गया है या डुबाकर मारा है। सोनू के कुछ परिचितों पर शक जताया। देर रात व सवेरे फोन पर बातचीत हुई है। पोस्टमार्टम बाद पुलिस में कार्रवाई को पत्र देंगे। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## मानिकपुर ब्लाक में नहीं रहेंगे प्राइवेट कर्मी: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने मानिकपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण कर ब्लाक परिसर की साफ-सफाई देखी। ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों के पास कार्य कर रहे प्राइवेट कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये कि ब्लाक से प्राइवेट कर्मचारी बोरिया-बिस्तर बांध लें। यहां कोई भी प्राइवेट कर्मचारी नहीं रहेगा।

मंगलवार को एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने ब्लाक का निरीक्षण कर कहा कि कई दिनों से मानिकपुर ब्लाक में तैनात सचिव सहयोग को कागज तैयार करने को एक-एक प्राइवेट कर्मचारी निजी तौर पर रखे हैं। ये प्राइवेट कर्मचारी ज्यादा पुराने होने से मनमानी ढंग से कार्य करने लगे थे। जिनकी आये दिन शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को संज्ञान में लेकर एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। जिस भी कमरे में जिस सचिव के कमरे में प्राइवेट कर्मचारी मिले, उस प्राइवेट कर्मचारी से कहा कि वह अपना बोरिया-बिस्तर बांधकर चले जायें। देखते हैं एसडीएम का ये आदेश कितना कारगर साबित होता है या फिर ऐसे ही चलता रहेगा, जैसा चल रहा है।

## मारपीट का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह ने वांछित छोटा शुक्ला पुत्र स्व चन्द्रशेखर शुक्ला लोखरी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार सिंह व दीवान आसाराम शामिल रहे।

## अपात्रों के चयन की शिकायत मिलने पर होगी कार्यवाही, डीएम ने चेताया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत फेज-2 में व्यक्तिगत शौचालय प्रगति, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन निर्माण, ओडीएफ प्लस श्रेणी में घोषित गांवों का विवरण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, गोवर्धन योजना, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, कॉमन सर्विस सेंटर निर्माण, बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण, शोक पिट निर्माण, हैंडपंप प्लेटफार्म निर्माण, गोबर गैस प्लांट स्थापना आदि की समीक्षा कर डीपीआरओ को निर्देश दिये।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि जिन्हें व्यक्तिगत शौचालय की प्रथम किस्त दी जानी है, तत्काल पत्रावली पेश करें। जिन लाभार्थियों को दूसरी किस्त देनी है, उनका जिओ टैग कराकर बीडीओ व सहायक विकास अधिकारी पंचायत से सत्यापन कराकर धनराशि भेजें। सीडीओ से कहा कि जियो टैगिंग की फोटो अपलोड कर वेरिफिकेशन करायें। सहायक विकास अधिकारी पंचायतों को निर्देश दिये कि स्वच्छ शौचालय के आवेदनों की जांच करें। पात्र-अपात्र का चयन सही ढंग से हो, शिकायत मिली तो कार्रवाई होगी। डीपीआरओ से कहा कि गांवों का भ्रमण कर टीम बनाकर निर्माण कार्यों की जांच करायें। संचालन सही ढंग से करायें। डीपीआरओ ने बताया कि गोवर्धन योजना से भौंरी व कसहाई चयनित हुए थे। गोबर गैस यूनिट स्थापित हो गई है। डीएम ने सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि गोबर गैस प्लांट से गांव के सार्वजनिक स्थलों पर बिजली की व्यवस्था करायें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 12 साइबर फ्रॉड पीड़ितों के पांच लाख दो हजार खातों में लौटाये



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत देने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर 12 साइबर अपराध पीड़ितों के खातों में पांच लाख दो हजार रुपये वापस कराये हैं। मंगलवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक निशीकान्त राय की टीम ने जुलाई में 12 साइबर अपराध पीड़ितों के पांच लाख दो हजार रुपये प्रयास कर खातों में लौटाये हैं। ज्ञात है कि शंकर बाजार कर्वी के पवन मिश्रा के साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी हुई थी। साइबर सेल में शिकायत करने पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकान्त राय, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने प्रयास कर पवन मिश्रा के एक लाख रुपये समेत 12 पीडितों के पांच लाख दो हजार रुपये बरामद कराये हैं। ज्ञात है कि इन दिनों आम जनता के बैंक आने-जाने व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने को लोग डिजिटल लेनदेन करते हैं।

# भाजपा में बढा है उत्पीडनः प्रदेश सचिव

## लगाई पीडीए की चौपाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में सपा प्रदेश सचिव/बुन्देलखण्ड प्रभारी समरथ पाल ने पीडीए की चैपाल में कहा कि पिछडे-दलित, अल्पसंख्यकों का भाजपा सरकार में उत्पीडन बढा है। उन्होंने जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव से कहा कि जिले में पीडीए की गांव-गांव चैपाल लगायें।

मंगलवार को सपा जिला कार्यालय में सपा प्रदेश सचिव/बुन्देलखण्ड प्रभारी समरथ पाल ने पीडीए की चैपाल में कहा कि गांव-गांव चैपाल लगाकर पीडीए के लोगों को सपा से जोडें। पूर्व सांसद बालकुमार सिंह पटेल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है, किसान, मजदूर, नौजवान सभी परेशान हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि गांव-गांव पीडीए की चैपाल लगाई जायेगी। इसी क्रम में पथरौडी गांव में कल्लू पाल के दरवाजे पर पीडीए की चैपाल में लोगों को भाजपा सरकार की कुरीतियों से अवगत कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, डॉ निर्भय सिंह पटेल, सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां, सीताराम कश्यप, काशी नरेश, उमाकान्त यादव, सियाराम गुप्ता, अमर सिंह पटेल, सूरज सिंह पटेल, गोपीचन्द्र यादव, हरीमोहन यादव, सरनाम यादव, अभिलाष यादव, निर्मला पाल आदि मौजूद रहे।



## पुलिस ने वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय ने मारपीट के वांछित काशी पुत्र माताबदल छीबो को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय व सिपाही राघवेन्द्र पटेल शामिल रहे।

## महुआ शराब बनाने पर हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार अबरार की पैरवी से न्यायालय ने कच्ची शराब बनाने के आरोपी को न्यायालय उठने व एक हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

मंगलवार को सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार की प्रभावी बहस के वलते न्यायालय सिविल जज (सीडी) सूर्यकान्त धर दुबे ने पहाड़ी थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के आरोपी मइयादीन पुत्र पंचा प्रजापति बिसंडा रोड कस्बा पहाड़ी को न्यायालय उठने तक की सजा व एक हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

# श्री अन्न की खेती से किसान उठायें लाभ: विधायक

## ब्लाक स्तरीय गोष्ठी व कृषि निवेश मेला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि रामनगर ब्लाक में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन त्वरित मक्का तथा कृषि सूचना तंत्र की मजबूती को कृषक जागरूकता के तहत ब्लाक स्तरीय गोष्ठी व कृषि निवेश मेला ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाशचन्द्र द्विवेदी शामिल हुए।



मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि किसान भाई श्री अन्न फसलों की बुवाई कर अधिक उत्पादन करें। ये फसलें बुन्देलखण्ड के लिए अनुकूल हैं। श्री अन्न के उपयोग से किसान भाई बड़ी-बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। उनकी आय में वृद्धि होगी। किसान भाइयों को फसलों में उर्वरक व रसायन के प्रयोग से बचना चाहिए। किसान फसलों में रासायनिक उर्वरक का प्रयोग छोड़कर पारम्परिक खेती कर गाय के गोबर से बनी देशी खाद का प्रयोग करें, ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढे। शुद्ध अन्न के उपयोग से गम्भीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा ने गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक व अधिकारियों के बताये नवीन कृषि तकनीक अपनाने की सलाह दी, ताकि किसानों की आय व फसल उत्पाद में वृद्धि हो सके। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से फसलों का बीमा करायें। प्राकृतिक आपदाओं की दशा में फसलों में हुई क्षति की भरपाई बीमा क्लेम से प्राप्त करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ छः हजार रुपये प्रति साल दिया जा रहा है। जो किसान योजना से वंचित हैं, वे नजदीकी जनसेवा केन्द्र से पंजीकरण कराकर लाभ ले सकते हैं। योजना का लाभ पाने को ई-केवाईसी व आधार फीडिंग करायें। कृषि विभाग में संचालित योजना व कृषि तकनीक व फसल सुरक्षा बाबत जानकारी दी। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक गनीवा डॉ पुष्पेन्द्र सिंह ने बेमौसमी प्याज लगाने व प्याज नर्सरी के बारे में बताया। पशु चिकित्साधिकारी रामनगर डॉ नरेन्द्र सिंह ओझा ने टीकाकरण, सहभागिता योजना व नन्द बाबा योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महेन्द्र कुमार, कुबेर, कुलदीप त्रिपाठी, धीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कुमार, प्राविधिक सहायक रोहित सिंह, बीटीएम राजेन्द्र सिंह, जयकरन, राम नरेश एटीएम व क्षेत्र के किसानों ने हिस्सा लिया।

## अवैध वसूली से व्यापारियों में रोष, विधायक को सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुराने बकाया के नाम पर मऊ नगर पंचायत के व्यापारियों ने जिला पंचायत की वसूली को लेकर क्षेत्रीय विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी से भेंटकर छह वर्ष पुराने बकाया विभव व संपत्ति कर के नाम से मऊ समेत पूरे जिले के व्यापारियों के शोषण का मुद्दा उठाया।

मंगलवार को व्यापार मंडल के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी को सौंपे पत्र में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के कार्यकाल में व्यापारियों से अवैध वसूली कर उत्पीड़न हो रहा है। अवैध वसूली कर विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों/नेताओं ने धन का बंदरबांट हो रहा है। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अगुवाई में भ्रष्टाचार चरम पर है। फिलहाल इन दिनों जिला पंचायत व्यापारियों के शोषण का केन्द्र बना है। राजस्व के नाम पर जिलाधिकारी से आरसी प्रपत्र जारी करवाकर राजस्व बकाया धनराशि वसूली को प्रपत्र भेजे गये हैं। तहसील मऊ से वसूली अधिकारी/कर्मचारी/अमीन अवैध आरसी लेकर मऊ के व्यापारियों से वसूली के नाम पर उत्पीड़न कर रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि भाजपा के कट्टर समर्थक मऊ के व्यापारियों/मतदाताओं से अवैध वसूली के नाम पर भाजपा समर्थकों को भड़काने के प्रयास हो रहे हैं। विधायक मऊ-मानिकपुर से मऊ व्यापार मंडल ने अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की।-

# एसडीएम के निरीक्षण से विद्युत-चकबन्दी कार्यालय मचा हडकम्प

## मिली अनियमिततायें

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा के निरीक्षण से विद्युत उपखण्ड व चकबंदी कार्यालय में हड़कम्प मच गया। चकबन्दी विभाग में मौजूद भू-माफिया व दलाल भागते नजर आये।



मंगलवार को नगर पंचायत राजापुर समेत ग्रामीण क्षेत्र भदेहदू फीडर व सरधुवा फीडर की दयनीय आपूर्ति के मद्देनजर एसडीएम ने विद्युत उपखण्ड राजापुर के सहायक अभियंता कार्यालय में औचक छापा मारा। तमाम कर्मचारी हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर किये बिना गायब रहे। एसडीएम ने सहायक अभियंता विद्युत प्रशांत त्रिपाठी को निर्देश दिये कि लापरवाह कर्मियों पर कडी कार्यवाही करें। ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात अवर अभियंता भदेहदू व सरधुवा समेत अन्य अवर अभियंताओं की ग्रामीणों से शिकायतें मिल रही हैं, तत्काल दूर करें। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अलावा विद्युत कटौती न की जाये। सहायक चकबन्दी अधिकारी सरधुवा व अर्जुनपुर के कार्यालय के औचक निरीक्षण में चकबन्दी कार्यालय दलालों का अड्डा बना था। निरीक्षण के समय भू-माफिया व दलालों में भगदड़ मच गई। अधिकारी/कर्मचारी सहम गये। हाजिरी रजिस्टर की जांच करने पर अधिकारी/ कर्मचारी नदारद मिले। जिन्हें नियमानुसार हाजिर करने के निर्देश दिये। चकबन्दी कार्यालय प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन पखवाडे के तहत गंदगी देखकर एसडीएम ने भड़कते हुए सफाई के निर्देश दिये। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने बताया कि दोनों विभागों की निरीक्षण आख्या जिलाधिकारी को भेजी जायेगी।

## अस्पताल में रहें सभी दवायें, बाहर की न लिखें: डीएम, डीएम ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में आकस्मिक वार्ड, शल्य क्रिया कक्ष, वीआईपी रूम, बाह्य रोगी विभाग, दवा वितरण कक्ष, हड्डी रोग विशेषज्ञ, एक्स-रे रूम, सीएनसी यू वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड, रसोई घर, दवा भंडार कक्ष, पुरुष वार्ड, आयुष्मान भारत कक्ष, सिटी स्कैन कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, पीएनसी वार्ड, पैथोलॉजी विभाग, डॉट्स सेंटर, ब्लड बैंक, ओपीडी, पंजीकरण कक्ष देखा।

मंगलवार को उन्होंने सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि जिला अस्पताल की अच्छे ढंग से साफ-सफाई कराते रहें। सीसीटीवी कैमरा चलने चाहिए। प्रतिदिन मरीजों के वार्डों में बेडशीट बदली जाये। रसोई घर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भोजन बाबत जानकारी ली। रसोइयों ने बताया कि दो सब्जी, दाल, चावल, रोटी बनाई जा रही है। सीएमएस ने बताया कि प्रतिदिन मेन्यू अनुसार भोजन, नाश्ता, चाय दिया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के अभिभावकों व भोजन की व्यवस्था रहती है। जिला अस्पताल में निष्प्रोज्य सामग्री पड़ी होने पर सीएमएस को नीलामी कराने के निर्देश दिये। अस्पताल में सभी दवाइयां होनी चाहिए। मरीजों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। ये सीएमएस सुनिश्चित करें। कोई डॉक्टर बाहर की दवायें मरीजों को न लिखें।

# दिव्यांगों को हेल्प डेस्क की करें शुरूवात

### डीएम बोले- दिव्यांगों को दें सुविधायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला स्तरीय दिव्यांग समिति, जिला दिव्यांग बंधु, लोकल लेवल कमेटी व यूडीआईडी समीक्षा बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका यादव ने उन्हें बताया कि जिले के दिव्यांगों की समस्याओं व शिकायतों के जल्द निस्तारण समिति के सदस्यों का गठन किया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने को दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान, दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माण संचालन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन, पुरस्कार योजना, चिकित्सा, यूडीआईडी, दिव्यांगजन क्षेत्र में कार्यरत शैक्षिक संस्था के राज्य निधि मद वित्तीय सहायता राज्य/राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार योजना बाबत जानकारी दी।



मंगलवार को डीएम ने एसीएमओ को निर्देश दिये कि दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनवाने में मदद करें। सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगों को हेल्प डेस्क शुरू की जाये। 4728 यूडी आईडी को दिव्यांगों के आवेदन लंबित हैं, तत्काल निस्तारण करायें। बीएसए को निर्देश दिये कि बच्चों को ब्रेल किट, एमआर किट, कान की मशीन आदि बांटने को बच्चों का चिन्हांकन करें। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दिव्यांगों को निःशुल्क यात्रा अनुमन्य होने के बाद परिचालकों के परेशान न करने बाबत निर्देश दें। डीएसओ को निर्देश दिये कि जिले में 649 दिव्यांगों की फैमिली आईडी बनाने को राशनकार्ड अपात्रों को हटाकर व्यवस्था करायें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, सीओ सिटी राजकमल, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, बीएसए बीके शर्मा, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा समेत दृष्टि संस्था के महासचिव शंकरलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

